राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 15

अंक : 36

पृष्ठ : 08

गौतमबुद्धनगर

सोमवार 05 जनवरी 2026

मूल्य :2 /-

RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट

पेज 3 10 हजार इंडस्ट्री के लिए तैयार होगा लॉजिस्टिक प्लान

पेज 4 महिला आईआरएस समेत सेंट्रल जीएसटी के 3 अफसर सस्पेंड

पेज 6 डेविड वॉर्नर ने बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की ओर से खेली

## संक्षिप्त खबरें

### ओडिशा के ढेंकनाल में पत्थर की खदान में चट्टान गिरी : 2 मजदूरों की मौत

**ढेंकनाल।** ओडिशा के ढेंकनाल जिले में एक पत्थर की खदान में चट्टानों का एक बड़ा हिस्सा गिर गया। पुलिस के मुताबिक हादसा शनिवार शाम को हुआ, जब गोपालपुर गांव के पास बनी खदान में कुछ मजदूर ड्रिलिंग और पत्थर निकालने का काम कर रहे थे। लोकल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे में 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि कुछ अभी भी फंसे हुए हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे फायर सर्विस अधिकारी ने बताया कि फायर सर्विस टीमें, ओडिशा डिजास्टर रैपिड एक्शन फोर्स की टीमें, डॉग स्क्वाड और बचाव अभियान में लगी मशीनों को इलाके में भेजा गया है।

### छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक की हत्या

**विदिशा।** विदिशा की इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में शनिवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। युवती से छेड़छाड़ का विरोध करने पर आरोपियों ने नंदू उर्फ शुभम चौबे (22) को चाकू से गोद डाला। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। वारदात के बाद आसपास मौजूद लोगों ने शुभम को अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुभम एयर कंडिशनर सुधारने का काम करता था। पुलिस के मुताबिक नंदू चौबे करैया खेड़ा रोड निवासी चुन्नी और उसके साथियों को एक युवती से छेड़छाड़ करने से रोका था। मामला थाने तक नहीं पहुंचा था।

# चीन बोला- अमेरिका मादुरो को तुरंत रिहा करे

▸ राष्ट्रपति को अगवा करना गलत; उत्तर कोरिया भी वेनेजुएला के समर्थन में, कहा- अमेरिका गुंडागर्दी कर रहा

एजेंसी

**काराकस।** चीन ने अमेरिका से वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को तुरंत रिहा करने की मांग की है।

दोनों इस समय अमेरिका की हिरासत में हैं। अमेरिकी सेना उन्हें कल वेनेजुएला की राजधानी काराकस से पकड़कर अमेरिका ले गई थी।

चीनी विदेश मंत्रालय ने रविवार को जारी बयान में कहा कि राष्ट्रपति को इस तरह अपने देश ले जाना गलत है। इस मुद्दे का हल बातचीत से होना चाहिए। इससे पहले भी चीन ने अमेरिका की कार्रवाई पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी।

उधर, उत्तर कोरिया ने वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई को गुंडागर्दी बताया है। उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय का कहना है कि अमेरिका की यह कार्रवाई किसी भी देश की आजादी और संप्रभुता पर किया गया सबसे गंभीर हमला है।

अमेरिकी सैनिकों ने 2 जनवरी की रात वेनेजुएला पर हमला कर राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सीलिया फ्लोरेस को अगवा कर लिया था।

इसके बाद उन्हें न्यूयॉर्क लाया गया है, जहां उन्हें डिटेंशन सेंटर में रखा गया है। उन पर हथियार-ड्रग्स से जुड़े मामलों में मुकदमा चलाया जाएगा।



### अमेरिका बोला- अभी वेनेजुएला में चुनाव कराने का प्लान नहीं

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि वेनेजुएला में निकोलस मादुरो के सत्ता से हटने के बाद चुनाव कराने की बात करना अभी जल्दबाजी होगी।

उनका कहना है कि इस समय अमेरिका की प्राथमिकता चुनाव नहीं, बल्कि काराकस में बची पॉलिटिकल लीडरशिप से जरूरी नीतिगत बदलाव करवाना है।

जब रुबियो से पूछा गया कि वेनेजुएला में चुनाव कब कराए जाएंगे, तो उन्होंने साफ कहा कि इस पर चर्चा करना फिलहाल प्रीमिच्योर यानी समय से पहले है। उन्होंने कहा कि अभी हालात इतने साफ नहीं हैं कि चुनाव की तारीखों पर बात की जा सके।

### नेतन्याहू ने वेनेजुएला में अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने वेनेजुएला को लेकर अमेरिका की कार्रवाई का खुलकर समर्थन किया है। नेतन्याहू ने कहा है कि वेनेजुएला में अमेरिका की तरफ से उठाया गया कड़ा कदम सही है और इजराइल की पूरी सरकार इस फैसले के साथ खड़ी है।

### अमेरिका की कार्रवाई दुनिया के लिए खतरा

वेनेजुएला के रक्षा मंत्री व्लादिमीर पाद्रीनो लोपेज ने अमेरिका की कार्रवाई को लेकर कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प का राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को पकड़ने का फैसला सिर्फ वेनेजुएला के लिए नहीं बल्कि पूरी दुनिया की स्थिरता के लिए खतरा है। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पाद्रीनो लोपेज ने कहा कि यह कदम ग्लोबल ऑर्डर के लिए गंभीर चुनौती है। उनका कहना था कि अगर आज ऐसा वेनेजुएला के साथ किया गया है, तो कल किसी भी देश के साथ ऐसा हो सकता है। उन्होंने इसे खतरनाक मिसाल बताया।

### अमेरिकी हमले में कई रिहायशी इमारतों को नुकसान

अमेरिकी हमलों के बाद वेनेजुएला के ला गुआइरा शहर में एक रिहायशी इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद इमारत का मलबा चारों तरफ बिखरा नजर आ रहा है। ला गुआइरा, वेनेजुएला की प्रमुख पोर्ट सिटी है और यह राजधानी कराकास के बेहद पास स्थित है। अमेरिकी ऑपरेशन के दौरान इस शहर को भी निशाना बनाया गया।



### यूएनएससी ने इमरजेंसी बैठक बुलाई

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने अमेरिका के वेनेजुएला पर हमले और मादुरो की गिरफ्तारी के बाद 5 जनवरी को आपात बैठक बुलाई है। यह बैठक न्यूयॉर्क में सुबह 10 बजे (भारतीय समय के मुताबिक शाम साढ़े 8 बजे) होगी। जनवरी महीने के लिए NSC की अध्यक्षता सोमालिया के पास है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सबसे पहले इस बैठक की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि अमेरिका की कार्रवाई वेनेजुएला की संप्रभुता और ह के सिद्धांतों के खिलाफ है।

### पोप बोले- वेनेजुएला एक आजाद देश बना रहना चाहिए



पोप लियो ने वेनेजुएला के हालात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि वेनेजुएला को एक आजाद देश बना रहना चाहिए और वहां के लोगों के मानवाधिकारों का सम्मान होना जरूरी है। पोप ने यह भी कहा कि वेनेजुएला के लोगों की भलाई, शांति और सम्मान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

## अमेरिका के खिलाफ दुनिया भर में विरोध प्रदर्शन




नीदरलैंड की राजधानी एम्स्टर्डम में वेनेजुएला पर किए गए अमेरिकी हमले के खिलाफ प्रदर्शन की तस्वीर।




चेक गणराज्य की राजधानी प्राग में अमेरिकी दूतावास के बाहर वेनेजुएला में अमेरिका की कार्रवाई के विरोध में लोग रैली कर रहे हैं।




पाकिस्तान के कराची में अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया।




तुर्किये के इस्तांबुल में लोगों ने एक विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतरे और अमेरिका के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।

# बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

### शेख हसीना की सीट पर आरएसएस से जुड़े गोबिंद का नामांकन खारिज; बोले- बीएनपी की साजिश

ढाका। बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया।

पूर्व पीएम शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50 प्रतिशत से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत नामक संगठन के महासचिव भी हैं। BJHM कुल 23 संगठनों का हिंदुत्ववादी गठबंधन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है।



### खालिदा जिया की पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोबिंद ने कहा कि बांग्लादेश में एक प्रावधान है जिसके हिसाब से एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने इलाके के 1 प्रतिशत वोटरों के साइन लाने होते हैं।

वह नियम का पालन करते हुए 1 प्रतिशत वोटरों के हस्ताक्षर लेकर आए थे, लेकिन बाद में उन वोटरों ने रिटर्निंग ऑफिसर से आकर कहा कि उनके साइन लिए ही नहीं गए थे।

गोबिंद का आरोप है कि खालिदा जिया की बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वोटरों पर ऐसा करने का दबाव बनाया। इसके बाद रिटर्निंग ऑफिसर ने सभी हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित करते हुए नामांकन रद्द कर दिया।

### बांग्लादेश टी-20 वर्ल्डकप खेलने भारत नहीं आएगा

बांग्लादेश की टीम टी-20 वर्ल्ड कप खेलने भारत नहीं आएगी। यह जानकारी बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने दी। बोर्ड ने इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल से अपनी टीम के मैच श्रीलंका में कराने की मांग भी की है। बांग्लादेशी क्रिकेटर मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के आदेश पर आईपीएल से बाहर करने के बाद बीसीबी ने यह फैसला लिया है। अब आईसीसी तय करेगा कि बांग्लादेश के मैच श्रीलंका में होंगे या नहीं।

### आज से मिलेंगे गणतंत्र दिवस परेड-2026 के टिकट

नई दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को होने वाली परेड के लिए टिकटों की बिक्री का ऐलान कर दिया है। एक बयान के मुताबिक 77वें गणतंत्र दिवस की मुख्य परेड, बीटिंग रिट्रीट की फुल ड्रेस रिहर्सल और मुख्य बीटिंग रिट्रीट समारोह के टिकटों की बिक्री 5 जनवरी से शुरू होगी। बिक्री 14 जनवरी तक जारी रहेगी। टिकट रोज सुबह 9 बजे से तब तक खरीदे जा सकते हैं जब तक आवंटित कोटा खत्म नहीं हो जाता।

# ग्रोक पर अश्लील कंटेंट बनाने पर अकाउंट बैन होगा

### भले अपलोड न किया हो; एक्स पर महिलाओं की आपत्तिजनक तस्वीरें शेयर करने पर नियम सख्त

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने अपने एआई एप ग्रोक पर बनाए जा रहे अश्लील कंटेंट को लेकर सख्त नियम बनाए हैं। कंपनी ने कहा है कि ऐसे कंटेंट को तुरंत हटाया जाएगा।

साथ ही अगर कोई यूजर ल्ह्श्द्य का इस्तेमाल करके आपत्तिजनक कंटेंट बनाता है तो उसके खिलाफ वही कार्रवाई होगी, जो सीधे अवैध कंटेंट अपलोड करने पर होती है। यानी कि यूजर्स का अकाउंटर हमेशा के लिए बैन कर दिया जाएगा।

एक्स ने भारत सरकार की तरफ से आपत्ति जताए जाने के तीन दिन बाद नए नियम बनाए हैं। केंद्र सरकार ने 2 जनवरी को एक्स से कहा था कि वह एआई एप ग्रोक से बनाई जा रही अश्लील, फूहड़ कंटेंट को तुरंत हटाए, नहीं तो कानून कार्रवाई की जाएगी।




# पहाड़ों पर बर्फ, मैदानी इलाकों में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप

नई दिल्ली। पहाड़ी राज्यों में कई जगह तापमान शून्य से नीचे पहुंच गया तो उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में नए साल के पहले सप्ताह में शीतलहर और कोहरे का प्रकोप बना हुआ है। उत्तराखंड, हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में सर्दी का सितम चरम पर है। हिमाचल में पांच स्थानों पर तापमना मानइस में दर्ज किया गया।

उत्तराखंड में पाले और घने कोहरे के कारण भी जनजीवन प्रभावित है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिन मौसम का मिजाज इसी प्रकार का बना रह सकता है। प्रदेश में सोमवार को पर्वतीय क्षेत्रों में चोटियों पर हिमपात के आसार हैं। मैदानी क्षेत्रों में घने कोहरे और कहीं-कहीं शीत दिवस की स्थिति को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है।



हिमाचल के कुकुमसेरी, ताबो, कल्पा, रिकांगपिओ व नारकंडा में तापमान माइनस में पहुंचने से ठंड बढ़ गई है। लाहौल स्पीति के पर्यटन स्थल जांस्कर समदो, बारालाचा, कुंजुम और रोहतांग में रविवार सुबह हल्का हिमपात हुआ है। मैदानी क्षेत्रों में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा। सबसे कम दृश्यता सुंदरनगर में करीब 100 मीटर रही। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने पांच व सात जनवरी को फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है। बर्फबारी के बाद कश्मीर शीतलहर की चपेट में है। घाटी के अधिकतर जिलों में रात का पारा शून्य डिग्री सेल्सियस से नीचे चल रह है। विश्व विख्यात स्की रिजार्ट गुलमर्ग में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। यहां दिन का पारा भी शून्य डिग्री के पास है। घाटी में 40 दिन की कठोर सर्दी का दौर चिल्ले कलां चल रहा है।



## हैप्पी मॉर्निंग

देवर ने कहा- वाह भाभी जी, इतनी अच्छी चटनी कैसे बना लेती हो? भाभी ने कहा- जाने दो, गुस्सा हो जाओगे. देवर ने कहा- नहीं भाभी, बताओ. भाभी ने शर्माते हुए कहा- चटनी बनाते वक्त आपके भैया को याद कर लेती हूं, कूटने में आसानी होती है.



## शायरी

बेटी को पहले गर्भ में सुरक्षा दीजिए
फिर सड़कों में सुरक्षा की बात कीजिए

## अर्थसार



सेंसेक्स:
85,762.01
+573.41 (0.67%)
निफ्टी:
26,328.55
+182.00

## मौसम



| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 16 डिग्री से0 |
| न्यूनतम | : | 06 डिग्री से0 |
| सूयोदय मंगलवार | : | 7 : 17 |
| सूर्यास्त सोमवार | : | 5 : 38 |

### दूषित पानी

### अस्पताल में नए वार्ड खोलने पड़े; पाइप लाइन में लीकेज से पानी में सीवेज की गंदगी मिली

# इंदौर के बाद गांधीनगर में दूषित पानी, 104 बच्चे बीमार

गांधी नगर। इंदौर के बाद अब गुजरात की राजधानी गांधीनगर में गंदा पानी पीने से पिछले तीन दिनों 104 बच्चे 150 से ज्यादा लोग बीमार हो गए। इनमें से 50 प्रतिशत बच्चों को टाइफाइड हुआ है। हालात इतने बिगड़े कि सिविल अस्पताल में बच्चों भर्ती करने के लिए नया वार्ड खोलना पड़ा।

इंदौर की तरह यहां भी पीने के पानी की पाइप लाइन में सीवेज की गंदगी मिल रही थी। शहर के सेक्टर-24, 28 और आदिवाड़ा इलाके के लोग इससे सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रशासन ने पानी की सप्लाई जांची तो 10 जगह लीकेज मिले। स्मार्ट सिटी योजना के तहत करोड़ों की लागत से बिछाई गई नई पाइपलाइन में यह लीकेज थे।



हालात की गंभीरता को देखते हुए 75 स्वास्थ्य टीमें तैनात की गई हैं, जो 90 हजार लोगों की जांच कर चुकी हैं। गृह मंत्री अमित शाह और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने भी मामले का संज्ञान लिया है। डॉक्टरों ने आशंका जताई है कि 20 जनवरी तक मामलों की संख्या 350 का आंकड़ा पार कर जाएगी।

### गृह मंत्री अमित शाह ने कलेक्टर से बात की

उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने शनिवार को जिला कलेक्टर, नगर आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी और अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने गांधीनगर सिविल अस्पताल का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि 22 डॉक्टरों की एक विशेष टीम गठित की गई है और उच्च अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने भी कलेक्टर से फोन पर चर्चा की और युद्ध स्तर पर काम करने के निर्देश दिए।

### तीन दिनों में बीमार बच्चों की संख्या बढ़ी

सिविल अस्पताल की अधीक्षक डॉ. मिताबेन पारिख ने बताया कि वर्तमान में 104 बच्चे अस्पताल में भर्ती हैं और पिछले तीन दिनों में बीमार बच्चों की संख्या में 50 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। सिविल अस्पताल में 1 से 16 वर्ष की आयु के बच्चे सबसे अधिक प्रभावित हैं। डॉ. मिताबेन के अनुसार, बच्चे तेज बुखार, पेट दर्द और उल्टी की शिकायत लेकर आ रहे हैं, जिन्हें फिलहाल IV फ्लूइड और एंटीबायोटिक्स देकर स्थिर किया जा रहा है। फिलहाल, 104 बच्चों का इलाज एफ2 और ई2 वार्डों में चल रहा है। मरीजों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि प्रशासन को तुरंत एक नया वार्ड नंबर 604 शुरू करना पड़ा है।

# दिल्ली में इंसानी रेबीज 'नोटिफायबल डिजीज' घोषित

▸ केस की जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देनी होगी; दिल्ली में 2025 में डॉग बाइट के 35 हजार मामले

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने ह्यूमन रेबीज (इंसानों को रेबीज) को अब नोटिफायबल डिजीज घोषित कर दिया है। यानी रेबीज का कोई भी संदिग्ध और कंफर्म केस सामने आते ही उसकी जानकारी स्वास्थ्य विभाग को देना अनिवार्य होगा।

दिल्ली की रेखा गुप्ता वाली सरकार का कहना है कि इससे फैसले से रेबीज के मामलों पर समय रहते नजर रखी जा सकेगी। मरीज के इलाज में देरी नहीं होगी। अब दिल्ली के सभी सरकारी-निजी अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और निजी डॉक्टरों को ऐसे मामलों की तुरंत रिपोर्ट करनी होगी।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री पंकज कुमार सिंह ने कहा कि रेबीज से होने वाली एक भी मौत स्वीकार नहीं है। यह फैसला समय पर इलाज और निगरानी में मदद करेगा।

यह आदेश तुरंत लागू हो गया है। रेबीज एक जानलेवा बीमारी है, लेकिन समय पर इलाज से इसे पूरी तरह रोका जा सकता है। दिल्ली सरकार कुत्तों के काटने से होने वाली रेबीज मौतों को रोकने के लिए स्टेट एक्शन प्लान फॉर रेबीज एलिमिनेशन भी तैयार कर रही है।

विशाल इंडिया
हिन्दी दैनिक



गौतमबुद्धनगर
सोमवार 05 जनवरी 2026
Www.vishalindia.in

## संपादकीय

# ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख दिया



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल शुरू होते ही उनकी विदेश नीति ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों की अवहेलना का एक नया और खतरनाक अध्याय लिख दिया है। जनवरी 2026 में वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई और वहां के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो की गिरफ्तारी ने पूरी दुनिया को चौंका दिया। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों के अनुसार, यह कदम किसी भी तरह से वैध नहीं ठहराया जा सकता। यह सीधे-सीधे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का उल्लंघन है, जो किसी भी देश की संप्रभुता के खिलाफ बल प्रयोग को प्रतिबंधित करता है।

ट्रंप प्रशासन ने इस कार्रवाई को नार्को-टेररिज्म के खिलाफ कानून प्रवर्तन का नाम दिया, लेकिन वास्तविकता इससे कहीं आगे जाती है। वेनेजुएला के विशाल तेल संसाधन और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी वर्चस्व की पुरानी सोच इस हस्तक्षेप की असली वजह के रूप में देखी जा रही है। यह ट्रंप की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति का चरम संस्करण है, जिसमें अंतरराष्ट्रीय नियम, समझौते और संस्थाएं अमेरिकी हितों के अधीन कर दी जाती हैं।

### पहले कार्यकाल से ही कानूनों की अनदेखी

ट्रंप के पहले कार्यकाल में ही यह प्रवृत्ति साफ दिखाई देने लगी थी। 2018 में ईरान परमाणु समझौते — यानी JCPOA — से एकतरफा बाहर निकलना इसका बड़ा उदाहरण है। यह समझौता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2231 द्वारा समर्थित था। इसके बावजूद ट्रंप ने इसे खराब डील बताकर खारिज कर दिया। नतीजा यह हुआ कि ईरान ने भी धीरे-धीरे अपनी प्रतिबद्धताओं से दूरी बना ली और पश्चिम एशिया एक बार फिर तनाव के कगार पर पहुंच गया।

इसी तरह, पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका की निकासी ने पर्यावरणीय अंतरराष्ट्रीय कानूनों की भावना को गहरी चोट पहुंचाई। 2017 और फिर 2025 में ट्रंप ने इसे अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए अनुचित बताकर खारिज किया। हालांकि तकनीकी रूप से संधि से बाहर निकलना कानूनी प्रक्रिया के तहत था, लेकिन इससे वैश्विक जलवायु प्रयास कमजोर पड़े और विकासशील देशों के प्रति अमेरिका की जिम्मेदारियों पर सवाल खड़े हुए।

### सैन्य कार्रवाइयां और संप्रभुता का उल्लंघन

जनवरी 2020 में ईरानी सैन्य कमांडर कासिम सुलेमानी की हत्या को भी अंतरराष्ट्रीय कानून के कई विशेषज्ञों ने अवैध बताया। यह कार्रवाई इराक की संप्रभुता का उल्लंघन थी और इसके पीछे तत्काल आत्मरक्षा का ठोस आधार नहीं था। इसके बाद ड्रग तस्करी के नाम पर समुद्री हमले, यात्रा प्रतिबंध और अब 2025-26 में वेनेजुएला में सीधा सैन्य हस्तक्षेप — ये सभी घटनाएं एक ही पैटर्न दिखाती हैं।

वेनेजुएला कार्रवाई इसलिए भी ज्यादा गंभीर है क्योंकि यह न तो अमेरिकी कांग्रेस की स्पष्ट मंजूरी से हुई और न ही संयुक्त राष्ट्र की। रूस, चीन, ईरान और कई लैटिन अमेरिकी देशों ने इसे खुली 'आक्रामकता' करार दिया है। यह कदम द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बनी नियम-आधारित वैश्विक व्यवस्था के लिए सीधी चुनौती है।

### 'मोनरो डॉक्ट्रिन' की वापसी?

ट्रंप की नीतियां उन्नीसवीं सदी की मोनरो डॉक्ट्रिन की याद दिलाती हैं, जिसमें अमेरिका लैटिन अमेरिका को अपना प्रभाव क्षेत्र मानता था। लेकिन आज की दुनिया उस दौर से बहुत आगे बढ़ चुकी है। संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय और बहुपक्षीय संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि ऐसे एकतरफा कदम वैश्विक स्थिरता को कमजोर करते हैं। अगर अमेरिका कानूनों की अनदेखी करता है, तो चीन ताइवान को लेकर और रूस यूक्रेन जैसे मामलों में अपने कदमों को और आक्रामक बना सकता है।

### भरोसे का संकट और वैश्विक असर

ट्रंप समर्थक इन कदमों को अमेरिकी हितों की रक्षा बताते हैं, लेकिन आलोचकों के अनुसार यह शक्ति के दुरुपयोग और अलगाववाद का प्रतीक है। अमेरिका की वैश्विक नेतृत्व क्षमता पर गहरा असर पड़ा है। सहयोगी देश अब उस पर पहले जैसा भरोसा नहीं करते। वेनेजुएला संकट से लैटिन अमेरिका में अस्थिरता, शरणार्थी समस्या और वैश्विक तेल कीमतों में उछाल की आशंका बढ़ गई है।

### निष्कर्ष

अंततः ट्रंप की नीतियां यह सवाल खड़ा करती हैं कि क्या कोई भी देश, चाहे वह कितना ही शक्तिशाली क्यों न हो, अंतरराष्ट्रीय कानूनों से ऊपर हो सकता है? इतिहास गवाह है कि जब कानून कमजोर पड़ता है, तो 'जंगल का कानून' हावी हो जाता है। वैश्विक समुदाय के लिए यह निर्णायक क्षण है। अगर नियमों और संस्थाओं की रक्षा नहीं की गई, तो दुनिया एक बार फिर अराजकता और टकराव की ओर बढ़ सकती है। अमेरिका को भी यह समझना होगा कि अकेले चलने की जिद दीर्घकालिक रूप से उसके अपने हितों को ही नुकसान पहुंचाएगी।

## शाम छुप गई, सुबह के इंतज़ार में।

शाम छुप गई
सुबह के इंतज़ार में
धीरे-धीरे,
जैसे कोई शब्द
अपनी अगली पंक्ति
खोजता हुआ रेंगता ।
सुबह आई तो
अकेली नहीं,
कई लताएँ साथ थीं,
नदी की बहती जलधाराएँ
हवा में घुली हल्की-सी धूप
जो किसी पुराने
घर की पहचान
खोल देना चाहती ।

प्रकृति ने
फिर से एक
सुनहरी चादर ओढा दी,
पेड़ों के कंधों पर,
पत्तों की हथेलियों पर,
उस रास्ते पर
जहाँ कल तक
थकान पड़ी थी।
नदी ने कुछ नहीं कहा,
बस बहती रही,
लताओं ने भी
कोई प्रश्न नहीं किया,
वे चुपचाप सहारों से
आसमान की तरफ़ बढ़ती रहीं।

सुबह ने सबको जोड़ दिया
बहुत समय से बिखरे वाक्य
अचानक एक कविता बन जाएँ।

शाम पीछे मुड़कर नहीं देखती,
उसे भरोसा है
कि सुबह
हर बार
थोड़ा और उजाला लेकर आएगी,
इतना कि जीवन
फिर से
धीरे से
दिखने
सजीव चलने लगे।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,**
**9009 415 415,**

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले से उठा सवाल

नीरज कुमार दुबे



डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है।

अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करने का दावा किया है। यह अंतरराष्ट्रीय जगत में एक संवेदनशील और ऐतिहासिक घटनाक्रम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई और सैन्य हमले किये हैं। ट्रंप ने कहा है कि मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है तथा देश से निकाल दिया गया है और वे अगली कानूनी प्रक्रिया के लिये अमेरिका ले जाये गये हैं। इस कार्रवाई को ट्रंप ने अपनी योजना के मुताबिक सफल बताया है तथा इसे वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। हालांकि हमले के विवरण और ठोस प्रमाण अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

वहीं वेनेजुएला सरकार ने इसे अमेरिकी सैन्य आक्रमण तथा आंतरिक संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही वेनेजुएला में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गयी है तथा नागरिकों से व्यापक विरोध और प्रतिरोध की अपील की गयी है। इस बीच, विश्व समुदाय के कई देश इस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, कुछ ने इसे कूटनीति की आवश्यकता बताया है जबकि रूस, चीन तथा अन्य ने कड़ी निंदा की है।

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है।

जब किसी देश का नेता बिना संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध, बिना स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय विधिक अधिकरण के निर्देश और बिना अन्तरराष्ट्रीय समुदाय की सहमति के किसी दूसरे देश में सैन्य हस्तक्षेप कर उसके सर्वोच्च नागरिक नेतृत्व को हटा देता है तो यह कृत्य न केवल उन मूलभूत मानकों का उल्लंघन है जिन पर आधुनिक विश्व राजनीति टिकी हुई है बल्कि यह नए वैश्विक संकटों के लिये एक मिसाल भी स्थापित करता है।

पहला सवाल यह है कि क्या ट्रंप का कदम जायज है? क्या ऐसा किसी भी न्यायिक या राजनीतिक मानक पर सही ठहराया जा सकता है? देखा जाये तो संप्रभुता किसी भी वैश्विक समझ का मूल आधार है और किसी भी देश की आंतरिक व्यवस्थाओं के प्रति बाहरी हस्तक्षेप को तभी वैध ठहराया जा सकता है जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भीतर व्यापक बहुमत द्वारा अनुमोदित हो या जब प्रत्यक्ष एवं सुनिश्चित मानवाधिकार संकट हो। नरसंहार या बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध की स्थितियों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसी स्वीकृति मिल सकती है लेकिन वेनेजुएला में ऐसे कोई हालात नहीं थे।

वेनेजुएला की परिस्थिति चाहे जितनी भी विवादास्पद और जटिल रही हो, अमेरिका का यह एकतरफा सैन्य निर्णय अंतरराष्ट्रीय क़ानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों के सीधे विपरीत है।

इसे केवल एक देश के भीतर मानवीय संकट या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के समाधान के रूप में पेश करना नास्तिकता के समान है। ट्रंप प्रशासन के पास यदि मादुरो के खिलाफ वाकई मजबूत सबूत थे तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय न्यायालय या किसी बहुपक्षीय मंच पर प्रस्तुत किया जाना चाहिये था न कि अपने देश की सैन्य ताकत का उपयोग कर सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए था।

दूसरा सवाल यह है कि क्या कूटनीति की दुनिया में इस कदम को उचित कहा जा सकता है? देखा जाये तो कूटनीति वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक तनावों तथा सत्ता के संघर्षों को बातचीत, समझौते और मध्यस्थता के ज़रिये सुलझाने की कला है।

कूटनीति कभी प्रत्यक्ष हिंसात्मक उपायों को प्रोत्साहित नहीं करती। यदि अमेरिका को वास्तव में वेनेजुएला की वर्तमान प्रणाली में विसंगतियाँ और समस्यायें दिखतीं थीं तो उसके लिये संयुक्त राष्ट्र, ओएएस या किसी अन्य बहुपक्षीय संगठन के साथ मिलकर दबाव बनाना अधिक न्यायोचित और प्रभावी विकल्प होता।

इसलिए ट्रंप प्रशासन का यह कदम कूटनीति की भावना का उल्लंघन है और यह उन सभी प्रयासों को भी बेअसर करता है जो शांति, संयम और सामूहिक समाधान की ओर इंगित करते हैं। जब राजनयिक रास्ता खुला रहता है तो हवाई हमले, बमबारी और अस्थिरता फैलाने वाले कदम किसी भी सभ्य कूटनीतिक प्रणाली का अंग नहीं बन सकते।

अब तीसरा सवाल यह है कि आगे वेनेजुएला का क्या होगा? देखा जाये तो उस देश का एक अस्थिर भविष्य बेहद संभावित है। हिंसात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के भीतर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ और भी भयावह हो सकती हैं। यह देश पहले ही आर्थिक मंदी, मुद्रास्फीति तथा सामाजिक असंतोष का शिकार है, ऐसे में एक बाहरी सैन्य हमले से जनता का मनोबल गिर सकता है, नागरिक प्रतिरोध भड़क सकता है तथा आंतरिक संघर्ष और अधिक गहरा हो सकता है। इसके अलावा यह कदम लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीय स्थिरता को भी दहला सकता है और पड़ोसी देशों को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर सकता है।


चौथा सवाल अंतरराष्ट्रीय सामरिक प्रभावों से संबंधित है। देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की यह नीति, वैश्विक सामरिक संतुलन पर लंबी अवधि में गंभीर प्रभाव डाल सकती है। ट्रंप द्वारा ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हुए धमकी देना और अब वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप जैसे कदम यह संकेत देते हैं कि अमेरिका एक ऐसा वैश्विक प्रहरी बनने की इच्छा रखता है जो अपने हितों को थोपने के लिये सैन्य बल का उपयोग करता है यह विश्व को दोध्रुवीकृत कर सकता है। निश्चित ही यह सब अमेरिका की विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का काम करेगा। रूस, चीन और अन्य राष्ट्र पहले ही अमेरिका के इस कदम की निंदा कर चुके हैं तथा इसे सामरिक आक्रमण बता रहे हैं। देखा जाये तो वैश्विक सुरक्षा तंत्र पहले से ही तनावों और विभाजनों से जूझ रहा है, ऐसे में एक प्रमुख सुपरपावर द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ हमला करना वैश्विक शासन और सहयोग के लिये एक गंभीर प्रश्न छोड़ता है।

देखा जाये तो अंतरराष्ट्रीय न्याय और मानवाधिकार का सम्मान केवल शब्दों में नहीं होना चाहिए बल्कि उसे कार्यनीतिक फैसलों और कार्रवाईयों में भी प्राथमिकता दी जानी चाहिये। एक अनियंत्रित और एकतरफा सैन्य कार्रवाई का समर्थन करना दीर्घकालीन वैश्विक स्थिरता, शांति तथा न्याय की भावना के खिलाफ होगा। ट्रंप के इस निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मनमाने ढंग से सेना, हथियार तथा सैन्य बल की धमकी का प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग को कमजोर करता है तथा विश्व समुदाय के विश्वास को तोड़ता है।

इसलिए वर्तमान परिस्थिति में वैश्विक समुदाय को संयम, संवाद और न्यायिक प्रक्रिया की ओर लौटना चाहिए तभी हम एक बेहतर, अधिक सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत विश्व की कल्पना कर सकते हैं।

# टाईम पास


## काकुरो पहेली - 3761



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

### काकुरो - 3760 का हल



## हंसी के फूव्वारें

मां: स्कूल कैसा लगा मुन्नी ?

मुन्नी: अच्छा तो लगा, पर वहां मास्टर साहब मुझसे वे ही सवाल पूछते हैं जिनका मुझे जवाब मालूम नहीं होता.

□ □ □

अध्यापक(राजेश से): गर्मियों में होने वाला कौन-सा फल खट्टा, मीठा और चटपटा होता है.

राजेश: सर, परीक्षाफल.

□ □ □

वकील: तो तुम जानते हो कि तुमने श्याम लाल के कान पर छुरा मारा था.

अभियुक्त: सरकार, कान पर तो भूल से लग गया मैं तो उसे उसके गले पर मारना चाहता था.

□ □ □

एक दोस्त: यार, इस मोटे लैंस के चश्में में तुम बिलकुल उल्लू दिखाई देते हो.

दूसरा: अगर मैं चश्मा उतार दूं तो तुम मुझे बिलकुल गधे दिखाई दोगे.

□ □ □


एक बच्चे ने अपनी मां से जाकर पूछा- आखिर तुम मुझे स्कूल क्यों भेजती हो ?

तुम जैसे नटखट बच्चों को इंसान बनाने के लिए, मां ने कहा.

बच्चा झट से बोला-लेकिन मास्टरजी तो मुर्गा बनाते हैं.

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली - 3761



**बायें से दायें:-**

१. राजेश खन्ना, स्मिता की 'दुनिया में कितना गम है' गीत वाली फिल्म-३
३. बॉबी, काजोल, मीनाषा की 'दुनिया हसीनों का' गात वाली फिल्म-२
६. अनिल, मीनाक्षी की 'सौ सवालों का जवाब' गीत वाली फिल्म-३
७. 'यूं हसरतों के दाग' गात वाली प्रदीपकुमार, नर्गिस की फिल्म-४
८. अनिल, माधुरी की 'एक बात मान लो तुम' गीत वाली फिल्म-२
९. 'काली नागिन के जैसी' गीत वाली फिल्म-२
१२. राजेश खन्ना को फिल्म जगत में किस नाम से जाना जाता है?-२
१४. फिल्म 'कॉफी हाउस' में नायिका कौन थी?-२
१६. 'आजकल पाँव जमी' गीत वाली विनोद मेहरा, रेखा की फिल्म-२
१७. राजेश, ऋषि, पूनम की 'रंग चला बहार चली' गीत वाली फिल्म-३
१९. 'मेरा रंगदे बसंती' गीत वाली मनोज कुमार, प्रेम चोपड़ा की फिल्म-३
२१. जैकी, मनीषा की 'लड़की जो आए बाजाक में' गीत वाली फिल्म-३
२२. भारतीय सिनेमा की 'वीनस' मधुबाला की अंतिम फिल्म-२
२३. 'सर से सरक गई' गीत वाली गोविंदा, ऐश्वर्या की फिल्म-४
२७. अमिताभ, अमृता की 'विल यू मैरी मी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'आँखें' में धर्मेन्द्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२
३०. सनी, डिम्पल की 'भूरी भूरी आँखों वाला' गीत वाली फिल्म-३
३१. 'सुनता है मेरा खुदा' गीत वाली अनिल, माधुरी की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'आजा गुफाओं में' गीत वाली फिल्म-२
२. धर्मेन्द्र, नसीर, आदित्य, सोनू वालिया, पल्लवी, एकता की फिल्म-४
३. आमिरखान, रानी मुखर्जी की 'आँखों से तूने' गीत वाली फिल्म-३
४. 'गोरी कँवारी सी हसीना का' गीत वाली अक्षय, करिश्मा की फिल्म-३
५. 'बदन में चाँदनी' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'तूने बेचैन इतना ज्यादा' गीत वाली फिल्म-३
११. 'जब दिल से दिल' गीत वाली दिलीप, संजीव कुमार, वैजयंती की फिल्म-३
१३. धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की 'तोरा मन दर्पण' गीत वाली फिल्म-३
१५. फिल्म 'हम है राही प्यार के' में नायिका कौन थी-२
१८. 'क्या लिखूं कैसे लिखूं' गीत वाली फिल्म-२,४
१९. फिल्म 'कश्मीर की कली' में नायिका कौन थी-३
२०. जीतेंद्र, राजेश खन्ना, नंदा की 'किस लिए मैंने' गीत वाली फिल्म-१,२
२१. 'कई सदियों से' गीत वाली शत्रुघ्न, रीना राय की फिल्म-३
२४. अनिल, माधुरी की 'खुशियों का दिन आया है' गीत वाली फिल्म-२
२५. 'कोई हमदम न रहा' गीत वाली फिल्म-३
२६. सलमान, संजय, शिल्पा की 'अरे बाबा अरे बाबा' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली - 3760



## सूडोकु -3761



- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3760 का हल



## शब्द पहेली - 3761




**बाएँ से दाएँ**

1.सेवक,दास-3
3.निवास करना-3
5.खुजली-2
6.परोपकारी-5
9.प्याला,जाम-2
11.टोंटी,नलका-2
12.आनंद,जूस-2
13.प्रतिज्ञा,शपथ-3
16.सिमरन,सुमरन-3
18.सुअर-3
20.पेन,लेखनी-3
22.कमल,जलज-3
23.क्रोध,गुस्सा-2
24.पाश,फंदा-2
25.शोषण करना-3
28.गौरव,प्रशंसा-3
30.सूत कातने का साधन-3
31.गौरव-3
33.देवर्षि-3
35.अंधकार-2
36.यमराज-2
38.अलमस्त-2
40.सलाह देने वाला-5
41.बीता दिन-2
42.रसदार-3
43.इंद्रियों को जीतने वाला-3

**ऊपर से नीचे**

1.उर्वरक-2
2.विशाल,श्रेष्ठ-3
3.धनवान,संपन्न-3
4.घ्राणेद्रिय,इज्जत-2
5.दैत्य,असुर-3
7.मायाजाल-3
8.उद्धार,पार लगाना-3
10.शरण,आश्रय-3
14.चूर-चूर,ढहा-5
15.टोंटी,नलका-2
17.युद्ध,संग्राम-2
18.दूल्हा-2
19.राजपुत्र-5
21.मद्रास का समुद्र तट-3
22.नीले रंग का बहुमूल्य रत्न-3
26.मित्र,दोस्त.मीत-2
27.हूर,अप्सरा
29.मेहंदी-2
30.शीर्ष,पराकाष्ठा-3
31.इसमें पौधा लगाते हैं-3
32.पीहर,नैहर-3
34.युक्तिवाद,पैरवी-3
35.टब,परात,तगारी-3
37.इच्छा-3
39.परत,तह-2
41.कदर,सम्मान-2

### शब्द पहेली -3760 का हल



# 10 हजार इंडस्ट्री के लिए तैयार होगा लॉजिस्टिक प्लान

## नोएडा बोर्ड में आईआईटी रूड़की और एसपीए ने दिया प्रजेंटेशन, एक कंपनी से होगी एमओयू

**नोएडा।** सड़कों की भीड़भाड़ से बचाकर कच्चा और तैयार मॉल कंपनियों और बाजार तक पहुंचाने के लिए प्राधिकरण सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) तैयार कर रहा है। इस प्लान के लिए नोएडा प्राधिकरण के बोर्ड में दो कंपनियों ने अपना प्रजेंटेशन दिया।

इसमें एसपीए ( स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्ट) नई दिल्ली व आईआईटी, रुड़की है। प्रजेंटेशन के आधार पर किसी एक कंपनी का चयन करने को कहा गया। चयनित होने वाली कंपनी के साथ प्राधिकरण एमओयू करेगा। ये प्लान नोएडा की 10 हजार इंडस्ट्री को लेकर तैयार किया जाएगा।

यह पहल ऐसे समय में की गई है जब शहर में तेजी से निवेश बढ़ रहा है और भविष्य में इस प्लान की कारोबारियों की जरूरत होगी। ताकि लॉजिस्टिक परिवहन में किसी प्रकार की अड़चन नहीं आए। ये प्लान एक सलाहकार कंपनी तैयार करेगी। इससे करीब 10 हजार से ज्यादा फैक्ट्रियों को फायदा होगा। इसके अलावा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक कार्गो सेवा में इसका फायदा होगा।

### क्या होगी प्लानिंग

इस प्लान के तहत उन सड़कों की पहचान की जाएगी, जिससे सबसे ज्यादा लॉजिस्टिक आता जाता है। वेयर हाउस, बाज़ार और इंडस्ट्री जोन




का एक मैप तैयार किया जाएगा। लॉजिस्टिक लाने ले जाने के लिए ट्रक आवाजाही , बेहतर पार्किंग और लोडिंग-अनलोडिंग सुविधाओं जैसे उपाय सुझाए जाएंगे।

### अभी नहीं है कोई प्लान

वर्तमान में नोएडा में ट्रकों की आवाजाही के लिए कोई मैनेजमेंट प्लान नहीं है। जिससे अक्सर भारी वाहन आवासीय और वाणिज्यिक क्षेत्रों में घुस जाते हैं। इससे यातायात जाम और लोगों को खासी दिक्कत होती है।

सीएलपी नॉन पीक आवर में भारी वाहनों की आवाजाही को निर्धारित करके, लॉजिस्टिक गतिविधियों के लिए क्षेत्रों को चिह्नित करेगा।

### एनएलपी को अपनाकर बनेगा प्लान

नोएडा नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी (एनएलपी) को अपनाकर ही शहर का सिटी लॉजिस्टिक्स प्लान (सीएलपी) बनाएगी। इसके तहत माल ढुलाई भागीदारी समिति (एफपीसी) का गठन किया जाएगा। इन समितियों में सरकारी अधिकारी, उद्योग जगत, लॉजिस्टिक्स प्रदाता और शैक्षणिक विशेषज्ञ शामिल होंगे, जो सामूहिक रूप से अलग-अलग क्षेत्रों जैसे ई-कॉमर्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और फार्मास्यूटिक्स के लिए विशेष कार्य योजनाएं बनाएंगे।

### नीयत यातायात से प्रदूषण होगा कम

नए प्लान के तहत शहर के प्रमुख रास्तों पर लॉजिस्टिक एक नीयत ढंग से चलेगा।

जिससे सड़कों पर वायु प्रदूषण कम होगा और यातायात जाम भी नहीं होगा। प्लान तैयार करने के बाद प्राधिकरण इसे नोएडा में लागू करेगा।

# नोएडा स्पोर्टस सिटी के बायर्स को राहत

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में प्राधिकरण ने हटाई रोक, अब अप्रूवड होंगे नक्शे

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी एससी-02 सेक्टर-150 नोएडा पर लगी रोक को हटा लिया है। ये फैसला प्राधिकरण ने 221वीं बोर्ड में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन में लिया। इससे करीब 10 हजार से ज्यादा बायर्स को राहत मिली है। रोक हटने होम बायर्स की रजिस्ट्री हो सकेगी। नक्शे अप्रूवड हो सकेंगे और निर्माण कार्य दोबारा से शुरू हो सकेगा। प्राधिकरण ने ये रोक जनवरी 2021 में 201वीं बोर्ड लगाई थी।

नोएडा प्राधिकरण का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के 24 नवंबर 2025 के आदेश के अनुपालन में लिया गया। जिसमें अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिन परियोजनाओं ने भवन निर्माण नियमों और बकाया भुगतान की शर्तें पूरी कर ली हैं, उन्हें सशर्त ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट जारी किया जाए और रजिस्ट्रियों की अनुमति दी जाए। इस शर्त के अनुसार डेवलपर को 70 प्रतिशत हिस्से में स्पोर्टस एक्टिविटी बनाना जरुरी होगा।

इस निर्णय से सेक्टर-150 स्थित स्पोर्ट्स सिटी परियोजना मे लोटस ग्रीन और उससे जुड़े जुड़े हजारों होम बायर्स को बड़ी राहत मिली है। वे विगत पांच सालों से अपने फ्लैट की रजिस्ट्री और कब्जे का इंतजार कर रहे थे। खरीदारों का कहना है कि लंबे समय से वे मानसिक, आर्थिक और सामाजिक दबाव में थे, क्योंकि उन्हें एक ओर बैंक की ईएमआई चुकानी पड़ रही थी और दूसरी ओर किराए के मकानों में रहना पड़ रहा था।

### एक परियोजना को जारी किया ऑक्यूपेंसी सर्टिफिकेट

नोएडा प्राधिकरण ने बताया कि प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी परियोजना से जुड़े सभी पुराने विवादों का अधिकांशतः समाधान कर लिया है। उन्होंने बताया कि एक परियोजना को सशर्त आक्यूपेंसी सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया गया है।

जिसने अपने सभी बकाया का भुगतान कर दिया है। साथ ही संशोधित मास्टर प्लान को मंजूरी देने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। ताकि सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को पूरी तरह लागू किया जा सके।

### गोदरेज प्रोजेक्ट की होम बायर में खुशी

गोदरेज प्रोजेक्ट की मिसेज अरुणा ने कहा कि यह किसी सपने के पूरे होने जैसा है।

अब हमें उम्मीद है कि जल्द ही स्पोर्ट्स सिटी में वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ अपने घरों में रह सकेंगे। हम होम बायर्स व्यक्तिगत रूप से नोएडा प्राधिकरण के आभारी है। जिन्होंने हमारी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुना और समाधान के लिए लगातार प्रयास किए।

### 40 हजार बायर्स को मिलेगी राहत

स्पोर्ट्स सिटी परियोजना में टाटा प्रोजेक्ट्स, गोदरेज प्रॉपर्टीज, प्रेस्टीज ग्रुप, काउंटी ग्रुप, लोटस ग्रीन्स और एल्डेको जैसे नामी बिल्डर्स शामिल हैं। इस परियोजना में लगभग 50 हजार करोड़ रुपए से अधिक का निवेश जुड़ा हुआ है और इससे करीब 40 हजार परिवार प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित थे। रियल स्टेट विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से रियल एस्टेट बाजार में भी सकारात्मक असर पड़ेगा।

# नोएडा: इंडियन ऑयल के कार्यकारी निदेशक की मौत

## नोएडा में 17वीं मंजिल से गिरकर गई जान, पत्नी के साथ रहते थे

**गौतम बुद्ध नगर।** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक अजय गर्ग की शनिवार सुबह नोएडा में एक सोसाइटी की 17वीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह मूलरूप से कानपुर के इंदिरानगर, मुखर्जी विहार के रहने वाले थे।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार,अजय गर्ग (55) दिल्ली में कार्यकारी निदेशक के पद पर कार्यरत थे। वह सेक्टर-104 स्थित एटीएस वन हमलेट सोसाइटी के अपने फ्लैट में पत्नी मयूरी गर्ग के साथ रहते थे। शनिवार सुबह करीब सवा दस बजे वह बालकनी की ओर गए और पांच मिनट बाद संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गए।

गिरने की आवाज सुनकर सुरक्षाकर्मी मौके पर पहुंचे, जहां अजय गर्ग लहूलुहान हालत में जमीन पर पड़े मिले। सोसाइटी के लोगों ने तुरंत उनकी पत्नी और डायल-112 पर सूचना दी। उन्हें तत्काल नजदीक के अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

पति की मौत की सूचना मिलने पर पत्नी बदहवास हो गईं। घटना की जानकारी मुंबई में नौकरी कर रहे अजय गर्ग के बेटे को दी गई, जो शनिवार शाम को नोएडा पहुंच गया। परिजनों ने रविवार को मृतक का अंतिम संस्कार करने की बात कही है।

अजय गर्ग की मौत की खबर मिलते ही उनके दफ्तर के लोग भी सोसाइटी पहुंच गए। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।

# 12 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन

## संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण पर जोर, आयोजन समिति गठित की गई

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में 12 जनवरी को एक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू संस्कृति और हिंदुत्व परंपराओं के संरक्षण और उनके प्रचार-प्रसार को लेकर जागरूकता बढ़ाना है।

दनकौर क्षेत्र के विभिन्न हिंदू संगठनों ने एकजुट होकर सम्मेलन की तैयारियां शुरू कर दी हैं।

आयोजकों के अनुसार, सम्मेलन में सामाजिक एकता, सांस्कृतिक चेतना और परंपराओं को सशक्त बनाने पर विशेष जोर दिया जाएगा।

सम्मेलन की रूपरेखा तय करने के लिए रविवार को दनकौर में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्षेत्र के सभी हिंदू संगठनों को आमंत्रित किया गया था। बैठक में सर्वसम्मति से आयोजन समिति का गठन किया गया।

आयोजन समिति ने व्यापारी संदीप जैन को हिंदू सम्मेलन कार्यक्रम का अध्यक्ष नियुक्त किया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक कार्यकारिणी समिति का भी गठन किया गया, जो आयोजन से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालेगी।

बैठक में शशि गर्ग, राकेश, रजनीकांत, गजेंद्र वाल्मीकि, दीपक चेयरमैन, नंद किशोर, सुभाष नागर, त्रिलोक नागर, नरेंद्र नागर, वीरेंद्र भाटी, सुभाष भाटी, संदीप गोपाल, अखिलेश नागर, नवीन पंडित, रचना गोयल, शिव कुमार, सुमित चौधरी, अनिल गोयल, मुकेश जैन, समयवीर, विपिन नागर, बलराज नागर, कमल चौधरी, मुकुल बंसल, अभिषेक, विमल, अनिल शर्मा, अनुपम गोयल, भगीरथ नागर, योगी नागर, इंद्रजीत प्रधान, जगन प्रधान, जयवीर, नीरज गोयल, विवेक कसाना, पियूष गोयल, नीरज सरपंच, विदेश प्रधान, राजेंद्र योगी, राहुल पंडित, लीले नागर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गर्लफ्रेंड ने विदेशी बॉयफ्रेंड को चाकू से गोदकर मार डाला

## ग्रेटर नोएडा में खुद हॉस्पिटल लेकर पहुंची, बोली- लड़ रहा था तो गुस्सा आ गया

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में गर्लफ्रेंड ने अपने विदेशी बॉयफ्रेंड के सीने पर चाकू से हमला कर दिया। जब खून बहने लगा, तो गर्लफ्रेंड उसे खुद हॉस्पिटल लेकर पहुंची। लेकिन विदेशी नागरिक की मौत हो चुकी थी।

हॉस्पिटल मैनेजमेंट ने से मिली सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ में युवती ने बताया- मैंने जान-बूझकर नहीं मारा। हम लोग पार्टी कर रहे थे। तभी झगड़ा हो गया। मुझे गुस्सा आ गया, तो मैंने उसके सीने पर चाकू मार दी। पुलिस ने युवती को गिरफ्तार कर लिया है। युवती मणिपुर की और उसका ब्वॉयफ्रेंड साउथ कोरिया का रहने वाला था।

### मोबाइल कंपनी में मैनेजर था डक ही यू

साउथ कोरिया का रहने वाला डक ही यू एक मोबाइल कंपनी में मैनेजर था। उसका मणिपुर की लुंजेना पमाई के साथ अफेयर था। दोनों दो साल से



डक ही यू, मृतक

लिव-इन रिलेशनशिप में थे। एक साथ नोएडा सेक्टर 150 के पायस हाइड वेज नाम के सोसाइटी में रहते थे।

पूछताछ में लुंजेना ने पुलिस को बताया- शनिवार की रात हम दोनों पार्टी कर रहे थे। साथ में ड्रिंक किया। इसी बीच हम दोनों के बीच झगड़ा हो गया।

विवाद इतना बढ़ गया कि नशे की हालत में मैंने अनजाने में चाकू से उसके सीने पर हमला कर दिया। मुझे नहीं पता था कि चाकू उसके सीने में घुस जाएगा और इतना गहरा घाव हो जाएगा।

थोड़ी ही देर में जब डक खून से लथपथ हो गया, तो मैं तुरंत उन्हें लेकर ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल लेकर पहुंची। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। लुंजेना ने कहा- मैं उसे जान से मारना नहीं चाहती थी। जो कुछ भी हुआ, अनजाने में हुआ है। पुलिस अभी भी महिला से पूछताछ कर रही है।

पुलिस ने बताया- फिलहाल मृतक डक के सीने पर चाकू का एक ही निशान दिख रहा है। लेकिन पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पुख्ता होगा कि कितनी जगह पर वार हुआ है।

### एडीसीपी बोले- शराब पीने को लेकर हुआ था विवाद

ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी सुधीर कुमार ने बताया- जिम्स अस्पताल से पुलिस को सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति को मृत अवस्था में अस्पताल लाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की गई।

प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक सेक्टर-150 का रहने वाला था। उसकी पहचान डक ही यू के रूप में हुई है, जो दक्षिण कोरिया का नागरिक था और एक प्राइवेट कंपनी में ब्रांच मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

डक ही यू पिछले करीब 2 सालों से मणिपुर की रहने वाली एक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। वह शराब पीने का आदी था और इसी बात को लेकर दोनों के बीच अक्सर विवाद होता रहता था।

रात में दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो देखते ही देखते झगड़े में बदल गई। इसी दौरान गुस्से में महिला ने चाकू से वार कर दिया, जिससे युवक की मौत हो गई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में किसान एकता संघ की बैठक

## आबादी निस्तारण नहीं हुआ तो सांसद-विधायक के आवास का घेराव, चुनाव बहिष्कार की चेतावनी

एजेंसी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ऊंची दनकौर स्थित एक मंदिर परिसर में रविवार को किसान एकता संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आबादी निस्तारण की समस्या का समाधान न होने पर सांसद और विधायक के आवास का घेराव करने की चेतावनी दी गई।

बैठक की अध्यक्षता नारायण सैनी ने की, जबकि संचालन जिला अध्यक्ष पप्पे नागर ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में किसान और संगठन के पदाधिकारी मौजूद रहे।

किसान एकता संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी सोरन प्रधान ने कहा कि यमुना प्राधिकरण से जुड़े क्षेत्रों में आबादी निस्तारण की समस्या लंबे समय से लंबित है, लेकिन जनप्रतिनिधि इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी




दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो किसान क्षेत्रीय विधायक और सांसद का घेराव करेंगे।

सोरन प्रधान ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव जीतने के बाद किसानों की समस्याओं से मुंह मोड़ लेते हैं।

उन्होंने साफ कहा कि यदि आबादी निस्तारण की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आगामी चुनावों में भाजपा का बहिष्कार किया जाएगा।

बैठक में 'काम नहीं तो वोट नहीं' के नारे के साथ फरवरी माह में यमुना प्राधिकरण पर एक विशाल किसान पंचायत आयोजित करने की घोषणा भी की गई।

सोरन प्रधान ने कहा कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, किसान आंदोलन जारी रखेंगे।

इस मौके पर देशराज नागर, दुर्गेश शर्मा, श्रीकृष्ण बैंसला, राजसिंह ठेकेदार, सतवीर भाटी, जेपी नागर, जीतन नागर, जोरा भाटी, कृष्ण मास्टर, सुरेंद्र चपरगढ़, उम्मेद एडवोकेट, मनोज नागर सहित बड़ी संख्या में किसान और संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# थूक लगाकर रोटी बनाने का वीडियो वायरल

**दनकौर।** बिलासपुर कस्बे के होटल में कारीगर द्वारा रोटी में थूक मिलाकर भट्टी में सेंकने और उसे लोगों को खिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने होटल मालिक और कारीगर के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कस्बे में सड़क किनारे स्थित एक होटल पर शनिवार की देर शाम एक कारीगर तंदूर की रोटी में थूक लगाकर भट्टी में सेक रहा था। काफी लोग होटल पर खाना खा रहे थे। इसी बीच वहां से गुजर रहे एक राहगीर ने कारीगर का वीडियो बना लिया और उसे रविवार को सोशल मीडिया पर प्रसारित कर दिया।कुछ ही देर में काफी लोगों के इस वीडियो को लेकर कमेंट आने लगे। सोशल मीडिया पर यूजर्स ने आरोपी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं, राष्ट्रीय बजरंग दल गौतमबुद्ध नगर के दनकौर और बिलासपुर प्रतिनिधियों का कहना है कि पुलिस को ऐसे होटल मालिक और कारीगर के खिलाफ तत्काल कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

# कार की छत पर चढ़कर हुड़दंग करने वाले युवक गिरफ्तार

**नोएडा।** पुलिस ने सेक्टर-39 स्थित गॉर्डन गैलेरिया मॉल वाली रोड पर 31 दिसंबर की रात कार की छत पर चढ़कर हुड़दंग करने वाले चार युवकों को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कार को भी जब्त कर लिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया के विविध प्लेटफॉर्म पर वायरल हुआ था। इसके बाद यातायात पुलिस ने कार का 67 हजार रुपये का चालान भी काटा था। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ऑल्टो कार सवार युवकों ने 31 दिसंबर 2025 की रात शराब पीकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाईं। युवकों ने चलती कार की छत पर खड़े होकर तेज म्यूजिक पर डांस किया।स्टंट दिखाए और सड़क को जाम कर दिया। कार सवार कुछ युवकों ने शर्ट उतारकर भी हंगामा काटा। आसपास के लोगों को इससे परेशानी हुई। पूरी घटना का वीडियो घटनास्थल पर मौजूद वाहन में बैठी महिला ने रिकॉर्ड कर लिया। अगले दिन इसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। देखते ही देखते वीडियो वायरल हो गया। यूजर ने नोएडा पुलिस के अधिकारियों को वीडियो में टैग किया और हुड़दंग करने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर वाहन स्वामी का पता लगाया। यातायात पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए वाहन का 67 हजार रुपये का चालान काटा। सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने रविवार को आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी की। आरोपी युवकों की पहचान बादलपुर के विश्नोली गांव निवासी 25 वर्षीय दीपक, 21 वर्षीय हनी रोशा, 19 वर्षीय विनय भड़ाना और 22 वर्षीय सोनू पांडेय के रूप में हुई। सभी दोस्त हैं और एक ही गांव में रहते हैं। कुछ युवक पढ़ाई कर रहे हैं, जबकि कुछ नौकरी कर रहे हैं। पूछताछ में युवकों ने बताया कि साल के अंतिम दिन वह गार्डन गैलेरिया मॉल में पार्टी करने गए थे। यहां चारों ने शराब ज्यादा पी ली। नशे की हालत में रील बनाने के लिए चारों कार की खिड़की से बाहर निकले।

# शार्ट न्यूज

## किसान पर धारदार हथियार पर हमला

**दादरी।** जारचा क्षेत्र के चौना गांव में उधर दी रकम न मिलने पर कुछ युवकों ने किसान पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। चौना गांव का रहने वाला सुभाष गांव में खेती-बाड़ी का कार्य करता है। सुभाष ने गांव की एक जमींदार से कुछ समय पहले एक लाख रुपये उधार लिए थे। जमींदार के परिवार के कुछ युवक शनिवार को सुभाष के घर पहुंचे। सुभाष से उधार के रुपये की मांग करने लगे। सुभाष ने रुपये न होने की बात कही।इसके बाद युवकों ने सुभाष पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हादसे में सुभाष के गंभीर चोटें आईं। जारचा पुलिस ने इस मामले में निखिल और निक्की को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दो आरोपी अब भी फरार हैं। पुलिस फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है।

## अवैध निर्माण करने वालों पर केस दर्ज

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बसी बाउद्दीननगर, गढ़ी चौखंडी और इलाहाबास गांव में अवैध निर्माण करने के मामले में बिल्डर कंपनी समेत 17 लोगों के खिलाफ अलग-अलग थानों में पांच मुकदमे दर्ज कराए हैं। फेज-2 और फेज-3 थाने की पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है। नोएडा प्राधिकरण के अवर अभियंता मोहित भाटी ने फेज-3 थाने में एफआईआर दर्ज कराई कि बसी बाउद्दीननगर गांव में प्राधिकरण की जमीन है।उस जमीन पर बिना अनुमति लिए सौरभ राणा, नितिन राणा और ब्रिकलैंड डेवलपर्स प्रबंधन ने अवैध निर्माण किया। वहीं, प्राधिकरण के वरिष्ठ प्रबंधक पारसनाथ सोनकर ने भी एफआईआर दर्ज कराई। उन्होंने पुलिस को बताया कि बसई गांव में अशोक कुमार, ओमवीर यादव, विजय नागर और भूपेंद्र गुप्ता ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध कब्जा किया हुआ है। वहीं, अवर अभियंता मुकेश कुमार ने पुलिस को बताया कि गढ़ी चौखंडी गांव में प्रदीप कुमार, रामराज, अजय तिवारी, अवध सिंह, नवीन, विशाल मिश्रा, उदयवीर चौहान, राकेश यादव ने प्राधिकरण की जमीन पर अवैध निर्माण किया हुआ है। अवर अभियंता विजेंद्र सिंह ने फेज-2 थाने में एफआईआर दर्ज कराई।

## चोरी के मोबाइल बेचने जा रहा एक आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा।** फेज-1 थाने की पुलिस से घरों से मोबाइल फोन चोरी करके बेचने जा रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से चोरी के दो मोबाइल फोन और एक अवैध हथियार बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान हरौला गांव में शराब ठेके के पास एक संदिग्ध युवक आता दिखाई दिया। उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने लगा। टीम ने पीछा करके उसे दबोच लिया। तलाशी ली तो उसके पास से दो मोबाइल फोन और एक अवैध हथियार बरामद हुआ।पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरामद मोबाइल फोन उसने लोगों के घर से चुराए थे। वह इन्हें बेचने की फिराक में घूम रहा था। वह अपने पास लोगों को डराने के लिए अवैध हथियार भी रखता है। आरोपी की पहचान सेक्टर-5 निवासी गौरव गुप्ता उर्फ भुट्टा के रूप में हुई। पुलिस आरोपी के अन्य साथियों के बारे में पता लगा रही है। साथ ही बरामद मोबाइल फोन के असली मालिकों की भी जानकारी जुटा रही है।

## फिनटेक सिटी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी

**ग्रेटर नोएडा।** सेक्टर-11 में विकसित होने वाली फिनटेक सिटी आर्थिक गतिविधियों का केंद्र बनेगी। यहां निवेशकों को आकर्षित करने के लिए इसी महीने यमुना प्राधिकरण के अधिकारी दिल्ली वित्तीय संस्थानों के स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक करेंगे। उत्तर भारत की पहली फिनटेक सिटी तीन चरणों में कुल 750 एकड़ में विकसित करने की योजना है। इसमें निवेश करने वाली कंपनियों को अलग से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। इसे लेकर जनवरी में प्राधिकरण के अधिकारियों ने वित्तीय संस्थानों के स्टेक होल्डर्स के साथ बैठक करने का निर्णय लिया है।दो- चार दिनों में इसकी तिथि भी घोषित हो जाएगी। फिनटेक सिटी को विकसित करने के लिए गुजरात की गिफ्ट सिटी का अध्ययन किया गया है। सर्वे के बाद प्राधिकरण ने विकास का खाका भी तैयार कर लिया है। गिफ्ट के तहत ही फिनटेक में भूखंडों की योजना निकाली जाएगी। प्राधिकरण के अधिकारी दिल्ली में होने वाली बैठक में स्टेक होल्डर्स को यहां निवेश के लिए आकर्षक ऑफर देंगे। साथ ही सरकार की ओर से मिलने वाली सुविधा के बारे में भी बताया जाएगा।

## छात्रावास के बाहर कार तोड़ने वाला गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** नॉलेज पार्क कोतवाली क्षेत्र में छात्रावास के बाहर कार सवार युवकों के गाली-गलौज करने और डंडा मारकर कार का शीशा तोड़ने का वीडियो रविवार को वायरल हुआ। पुलिस ने वीडियो का संज्ञान लेकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस जांच में यह वीडियो छह माह पुराना बताया गया है। जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रविवार की सुबह से 40 सेकेंड का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो एक निजी छात्रावास के बाहर का बताया गया है। वीडियो में काली रंग की कार में सवार चार युवक नशे में गाली-गलौज करते दिख रहे हैं। वहीं, एक युवक डंडा मारकर बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़ रहा है।वह डंडा मारकर छात्रावास के दरवाजे को तोड़ने की भी कोशिश करता है। इससे अंदर मौजूद छात्राएं दहशत में आ जाती हैं। बाद में आरोपी गाली-गलौज कर छात्रावास बंद कराने की धमकी देकर फरार हो जाते हैं। वीडियो में छत पर छात्राओं को घबराते हुए भी देखा जा सकता है, जो हंगामा कर रहे युवकों को चेहरा दिखाने समेत कुछ अन्य बातें बोल रही हैं।

## ग्रैप की पाबंदियां हटने से निर्माण कार्य तेज होगा

**ग्रेटर नोएडा।** प्रदूषण का स्तर कम होने पर ग्रैप ( ग्रैडेड रिस्पांस एक्शन प्लान) तीन और चार की पाबंदियां हटने से निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण ने विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इससे सूरजपुर-कासना मार्ग की मरम्मत का काम रफ्तार पकड़ेगा। ग्रेटर नोएडा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में नई सड़कों के निर्माण के साथ खस्ताहाल सड़कों की मरम्मत, जल निकासी के लिए नाली का निर्माण आदि विकास कार्य कराए जा रहे हैं। प्राधिकरण के परियोजना विभाग के अधिकारी के मुताबिक 100 से अधिक साइट पर काम चल रहा है। ग्रैप की पाबंदियां हटने से अब इसमें तेजी आएगी।शहर की प्रमुख सड़क सूरजपुर-कासना की मरम्मत का काम अधर में अटका है। इससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लगभग 12 किलोमीटर लंबी यह सड़क दो हिस्सों सूरजपुर घंटाघर चौक से एलजी चौक और सेक्टर पी-3 से कासना के बीच जगह-जगह पर टूट चुकी है। लंबे इंतजार के बाद सड़क की मरम्मत का काम शुरू किया गया, लेकिन ग्रेप की पाबंदियां लागू होने से काम बंद हो गया था। इस सड़कों की मरम्मत होने से लाखों लोगों को फायदा होगा।

## दो दिन के बाद वायु प्रदूषण बढ़ा

**नोएडा।** कड़ाके की ठंड के बीच रविवार को वायु प्रदूषण बढ़ गया। नोएडा और ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई बेहद खराब श्रेणी में दर्ज किया गया। इससे पहले दो दिन दोनों शहरों का एक्यूआई 250 से कम था। नोएडा का एक्यूआई रविवार को 307 दर्ज किया गया, जो एक दिन पहले के मुकाबले 65 अंक अधिक रहा। ग्रेटर नोएडा का एक्यूआई 316 दर्ज किया गया। शनिवार के मुकाबले शहर के एक्यूआई में 77 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई। सुबह कोहरा रहा। बादलों की आवाजाही रही, लेकिन धूप नहीं निकली। दोपहर में कुछ समय के लिए हल्की धूप निकली। तेज हवा के कारण दिनभर कड़ाके की ठंड रही।अगर हवा की औसत गति नौ किलोमीटर प्रति घंटे नहीं होती, तो प्रदूषण और बढ़ सकता था। इस हफ्ते भी दोनों शहरों का एक्यूआई 300 के आसपास रहने का अनुमान है। वहीं, अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से कम रहने की संभावना है, जिससे कड़ाके की ठंड बनी रहेगी।

# महिला आईआरएस समेत सेंट्रल जीएसटी के 3 अफसर सस्पेंड

## झांसी में रिश्वत लेते अरेस्ट हुए, 23 करोड़ के टैक्स को 50 लाख करने की डील

**झांसी।** झांसी में 70 लाख की रिश्वत लेने वाली सेंट्रल जीएसटी की डिप्टी कमिश्नर (आईआरएस अफसर) प्रभा भंडारी समेत 3 अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया।

डिप्टी कमिश्नर पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने कार्रवाई की, जबकि कानपुर कमिश्नर रोशन लाल ने सुपरिडेंटेंड अनिल तिवारी और अजय शर्मा को सस्पेंड कर दिया। तीनों अफसरों के खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई।

तीनों अफसरों ने जय दुर्गा हार्डवेयर एवं जय अंबे प्लाईवुड पर छापा मारा था। दोनों फर्मों के मालिकों को टैक्स चोरी के एवज में 23 करोड़ रुपए सरकारी खजाने में जमा करने थे। मगर तीनों आरोपी डेढ़ करोड की



रिश्वत लेकर 23 करोड़ की रकम को घटाकर 50 लाख रुपए करने वाले थे।

सीबीआई ने 30 दिसंबर को 70 लाख की घूस लेते सुपरिटेंडेंट अनिल तिवारी और अजय शर्मा को रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। उनके साथ दुर्गा हार्डवेयर फर्म के मालिक राजू मंगनानी और वकील नरेश को भी अरेस्ट किया गया था। बाद में दिल्ली से डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी को गिरफ्तार किया था।



### 23 करोड़ रुपए टैक्स बन रहा था

18 दिसंबर को डिप्टी कमिश्नर प्रभा भंडारी के नेतृत्व में सेंट्रल जीएसटी टीम ने झोकनबाग स्थित जय दुर्गा हार्डवेयर एवं जय अंबे प्लाईवुड पर छापा मारा था। इस दौरान भारी मात्रा में अघोषित माल और करोड़ों रुपए के कच्चे बिल पकड़े गए थे। सेंट्रल जीएसटी टीम की गणना में 13 करोड़ रुपए की टैक्स चोरी पाई गई।

नियम के अनुसार 50 प्रतिशत पेनाल्टी और 5 साल के ब्याज के साथ टैक्स वसूला जाना था।

इस हिसाब से कारोबारी को 23 करोड़ रुपए जमा करने थे। बचने के लिए कारोबारियों ने वकील नरेश से संपर्क किया। नरेश ने अनिल और अजय से बात की। दोनों ने 23 करोड़ की राशि कम कराने की एवज में दो करोड़ की रिश्वत मांगी।



फिर घटाकर डेढ़ करोड़ कर दी। राजू मंगतानी और लोकेश तोलानी की भी डिप्टी कमिश्नर से बात कराई। राजू मंगतानी ने डिप्टी कमिश्नर से पैसा कम करने को कहा तो वह तैयार नहीं हुई।

इनकार करने पर दोनों कारोबारी 1.50 करोड़ देने पर सहमत हो गए थे। मगर सीबीआई ने पूरे मामले का भंडाफोड़ कर दिया।

घूसकांड के बाद सेंट्रल जीएसटी विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। झांसी डिवीजन निवारक दस्ते में अनिल तिवारी एवं अजय शर्मा के साथ तैनात निरीक्षक प्रशांत विश्वकर्मा को हटा दिया गया। उनको झांसी से कानपुर शाखा की रिव्यू ब्रांच में भेज दिया गया। यह साइड पोस्टिंग मानी जाती है। निरीक्षक नरेंद्र कुमार को हटाकर कानपुर मंडल भेजा गया है। दोनों के हटाए जाने के बाद से विभाग में खलबली मची है।

# वाराणसी एयरपोर्ट पर यात्री के बैग से मैगजीन-कारतूस बरामद

## दिल्ली जा रहे मिर्जापुर निवासी यात्री से छह जिंदा कारतूस मिले, पुलिस जांच में जुटी

**वाराणसी।** लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई हवाई अड्डे पर पर रविवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब दिल्ली जाने वाले एक यात्री के हैंडबैग से मैगजीन और छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए।

सुरक्षा जांच के दौरान संदिग्ध सामग्री मिलने पर सीआईएसएफ ने तत्काल स्थानीय पुलिस को सूचना दी। इसके बाद यात्री को पकड़ कर पुलिस बाबतपुर पुलिस चौकी लेकर गई जहां उससे पूछताछ की जा रही है।

### सुरक्षा जांच में हुआ खुलासा

अधिकारियों ने बताया कि दोपहर करीब 2: 40 बजे सीआईएसएफ कर्मी नियमित बैगेज चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मिर्जापुर जनपद के बरौधा गांव निवासी भुवनेश्वर नाथ तिवारी (52) के हैंडबैग की जांच में .32 बोर की एक मैगजीन सहित छह जिंदा कारतूस बरामद हुए।

सुरक्षा नियमों के तहत सीआईएसएफ ने तत्काल यात्री से प्रारंभिक पूछताछ की और शाम लगभग 04: 30 बजे उसे फूलपुर थाना क्षेत्र की स्थानीय पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

बताया गया कि भुवनेश्वर नाथ तिवारी एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान संख्या IX-1252 से नई दिल्ली जा रहे थे। बरामदगी की सूचना मिलते ही फूलपुर थाने की पुलिस और बाबतपुर पुलिस चौकी की टीम एयरपोर्ट पहुंची और यात्री को चौकी पर लाकर पूछताछ शुरू की।

### लखनऊ में रिटायर्ड होमगार्ड का खून से लथपथ शव मिला

**लखनऊ।** लखनऊ में रिटायर्ड होमगार्ड का घर के हाते में खून से लथपथ शव मिला। पास में उनकी लाइसेंसी बंदूक मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। लाइसेंसी बंदूक को अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य एकत्र किए। प्रारंभिक जांच में सुसाइड की बात सामने आई है। घटना रविवार सुबह कृष्णा नगर थाना क्षेत्र के कन्नौसी गांव में हुई। मृतक की पहचान 65 वर्षीय मदन गोपाल वर्मा के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि रविवार सुबह मदन गोपाल वर्मा अपनी 12 बोर की बंदूक लेकर निकले। सुबह करीब 10 बजे उनका घर के पीछे हाते में खून से लथपथ शव मिला।

# यातायात नियमों के प्रति वाहन चालकों को किया जागरूक

**ललितपुर।** यातायात पुलिस ने सड़क दुर्घटनाओं को कम करने, जनजीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने और यातायात को सुरक्षित बनाने के लिए जागरूकता अभियान चला रही है। इसमें हेलमेट पहनने के लिए दो-पहिया चालकों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह व क्षेत्राधिकारी यातायात राजेश श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दृष्टिगत यातायात पुलिस ललितपुर द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों पर सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता अभियान चलाया गया । उक्त अभियान के अंतर्गत यातायात पुलिस द्वारा वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन के संबंध में जागरूक किया गया ।अभियान के दौरान विशेष रूप से निम्न बिंदुओं पर जागरूकता प्रदान की गई।

दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का अनिवार्य प्रयोग चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठाने के नियम का पालन रॉन्ग साइड ड्राइविंग न करने एवं निर्धारित दिशा में ही वाहन चलाने की अपील कोहरे के समय वाहन धीमी गति से चलाएं तथा आगे चल रहे वाहन से पर्याप्त सुरक्षित दूरी बनाए रखें ।

### मथुरा में पशु चराने को लेकर हिंसक झड़प

**मथुरा।** मथुरा के थाना जमुना पार क्षेत्र के गांव मावली में पशु चराने को लेकर दो पक्षों के बीच हिंसक विवाद हो गया। इस घटना में एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने समय रहते आरोपियों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। जानकारी के अनुसार, मावली गांव में खेत में भैंस चराने को लेकर दो पड़ोसी पक्षों के बीच कहासुनी हुई थी, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में एक ही परिवार के पांच सदस्य घायल हुए हैं, जिनमें महिलाएं भी शामिल हैं। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर थाना जमुना पार पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा। अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। पीड़ित प्रमोद और महावीर ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी थी, लेकिन कई घंटे बीत जाने के बाद भी न तो मुकदमा दर्ज किया गया और न ही किसी आरोपी को हिरासत में लिया गया। पीड़ितों ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि हमलावर खुलेआम गांव में घूम रहे हैं, जिससे उन्हें जान का खतरा बना हुआ है। उन्होंने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं, पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

### बदायूं में रास्ता जाम कर तलवार से केक काटा

**बदायूं।** बदायूं में युवकों द्वारा रास्ता जाम कर तलवार से केक काटने का एक वीडियो रविवार शाम सामने आया है। इस घटना में कुछ युवक बाइकें आड़ी-तिरछी खड़ी कर रास्ता रोकते और तलवार से केक काटते हुए दिखाई दे रहे हैं। यह घटना 3 जनवरी शनिवार रात को सदर कोतवाली इलाके के मोहल्ला शहबाजपुर में हुई बताई जा रही है। वीडियो में दिख रहा है कि एक संकरी गली में युवकों ने बाइकें खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया। इसके बाद बाइक की सीट पर रखे दो केक में से एक को एक युवक ने तलवार से काटा। एक अन्य युवक तलवार पकड़े हुए केक काटने का तरीका बताता नजर आ रहा है।

# पुलिस लाइन में होम्योपैथिक मेडिकल कैंप का आयोजन

## पुलिस परिवारजनों को मिला नि: शुल्क उपचार, हर माह लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**पीलीभीत।** वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में पुलिस लाइन पीलीभीत स्थित पुलिस हॉस्पिटल में रविवार को होम्योपैथिक मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का आयोजन आयुष विभाग उत्तर प्रदेश के सहयोग से किया गया, जिसमें पुलिस परिवारजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ विभिन्न बीमारियों का नि:शुल्क उपचार एवं दवाइयां उपलब्ध कराई गईं।

मेडिकल कैंप में बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया। आयोजन के दौरान चिकित्सकों द्वारा




रोगियों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। साथ ही जरूरतमंदों को दवाइयों के साथ जैकेट आदि भी वितरित की गईं।

आयोजकों ने बताया कि यह होम्योपैथिक मेडिकल कैंप प्रत्येक माह के प्रथम रविवार को नियमित रूप से आयोजित किया जाएगा, जिससे पुलिस परिवारजनों को निरंतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके और वे स्वस्थ रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर सकें।

# पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों और परिजनों का हेल्थ चेकअप किया

### स्वास्थ्य, सुरक्षा और सहयोग- वामा सारथी के साथ

**ललितपुर।** पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश (वामा सारथी) के तत्वाधान में तथा पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में आयुष विभाग उ.प्र. के सहयोग से वामा वेलनेस कैम्प का आयोजन रिज़र्व पुलिस लाइन्स, ललितपुर परिसर पर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन वरिष्ठ अधिकारियों एवं वामा सारथी की प्रतिनिधि टीम द्वारा किया गया। कैंप का उद्देश्य पुलिस कर्मियों, महिला कार्मिकों तथा उनके परिवारों के शारीरिक, मानसिक एवं



भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करने हेतु आयुष पद्धति आधारित उपचार, परामर्श एवं जागरूकता सेवाएँ प्रदान करना रहा । कैंप में उपलब्ध सेवाएँ आयुर्वेद एवं होम्योपैथी चिकित्सा परामर्श योग एवं प्राणायाम सत्र तनाव-नियंत्रण एवं मानसिक स्वास्थ्य वर्कशॉप नाड़ी परीक्षण एवं हर्बल मेडिसिन वितरण पुलिस कर्मियों के लिए विशेष हेल्थ-चेकअप महिलाओं एवं बच्चों के लिए स्वास्थ्य जागरूकता सत्र कैम्प में ललितपुर पुलिस के बड़ी संख्या में अधिकारी/कर्मचारीगण एवं उनके परिवारीजन द्वारा उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया गया । प्रतिभागियों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि तनावपूर्ण ड्यूटी के बीच इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं । जनपद ललितपुर की वामा सारथी की अध्यक्षा श्रीमती ललिता कुमारी ने वामा सारथी की इस पहल को पुलिस परिवारों के कल्याण के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वेलनेस कैम्प पुलिस बल के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सकारात्मक भूमिका निभाते हैं, और आगे भी ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, जिससे कि ललितपुर पुलिस के प्रत्येक पुलिस अधि0/कर्म0गण तथा उसके परिवार को स्वस्थ, सशक्त, सुरक्षित किया जा सके ।

# आगरा कैंट स्टेशन से तीन मोबाइल चोर गिरफ्तार

**आगरा।** आगरा कैंट रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के मोबाइल और कीमती सामान की चोरी करने वाले शातिर गिरोह का जीआरपी ने खुलासा किया है। कार्रवाई में तीन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

जीआरपी थाना आगरा कैंट पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्म पर यात्रियों से मोबाइल चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से कुल 15 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 86 हजार रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे लखनऊ के निर्देश, डीआईजी रेलवे प्रयागराज के पर्यवेक्षण और पुलिस अधीक्षक रेलवे आगरा के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान गोविंद, कुलदीप और विजय सिंह के रूप में हुई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ट्रेनों और प्लेटफार्म पर भीड़ का फायदा उठाकर यात्रियों के मोबाइल चोरी करते थे।

# मिशन शक्ति के तहत ललितपुर थाना पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

**ललितपुर ।** माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार की महत्वकांक्षी योजना मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के अन्तर्गत नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद ललितपुर में महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक, मो0 मुश्ताक के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज- 5.0 अभियान के अन्तर्गत जनपद के थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र एवं एंटी रोमियो टीम द्वारा बस अड्डों, बाजारों, पार्कों, स्कूलों व गाँव-गाँव आदि जगहों पर जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को



उनकी सुरक्षा, आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता, यौन उत्पीड़न से बचाव व उसके खिलाफ आवाज उठाने, साइबर अपराध से बचाव के तरीके, महिलाओं व किशोरियों के कानूनी अधिकार व हेल्प लाइन से सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान की ।विशेष रूप से यह स्पष्ट किया गया कि साइबर अपराधी डर और लालच का सहारा लेते हैं, ऐसे में किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या ओटीपी साझा न करने की सख्त हिदायत दी गई।

### लखनऊ में स्ट्रीट डॉग्स के समर्थन में प्रदर्शन

**लखनऊ।** लखनऊ में रविवार को पशु प्रेमियों ने इको गार्डन में प्रदर्शन किया। ह्यूमन चेन बनाकर डॉग्स के प्रति एकता का संदेश दिया। आगामी 7 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में स्ट्रीट डॉग्स को लेकर होने वाली सुनवाई में अपनी मांगें मंगवाने के लिए लोग इकट्ठा हुए। विभिन्न संस्थाओं से जुड़े सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र और आम नागरिक शामिल हुए। इस दौरान स्ट्रीट डॉग के समर्थन में लिखे हुए स्लोगन और नारे वाली तख्ती लेकर नारेबाजी की। हिस्ट्री डॉग्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट के दिए गए फैसले का विरोध किया। सुप्रीम कोर्ट ऑर्डर रद्द करो, 'No Dogs-No Vote' , आवारा नहीं हमारा है जैसे नारे लगाए।

# पुलिस ने जन चौपाल लगाकर साइबर सुरक्षा पर किया जागरूक

**ललितपुर।** जाखलौन थाना क्षेत्र में पुलिस ने जन चौपाल लगाया, जिसमें महिला सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव और पुलिस से जुड़ाव पर चर्चा की गई। थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह ने स्थानीय समस्याओं का समाधान किया। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद के थानों द्वारा जन चौपाल का आयोजन किया गया ।जन चौपाल के दौरान जन मानस को साइबर अपराध, मिशन शक्ति, नशा मुक्ति, बाल विवाह आदि के प्रति विस्तृत रुप से जागरुक किया गया । साइबर क्राइम जागरुकता कार्यक्रम के दौरान जानकारी दी गई कि। किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें तथा प्लेस्टोर/आईओएस से जेनुइन ऐप ही डाउनलोड करें, इनके अतिरिक्त किसी



अन्य प्लेटफॉर्म से कोई ऐप डाउनलोडन करें । किसी अनजान व्यक्ति से अपनी बैंकिंग सम्बंधी कोई भी डिटेल शेयर न करें तथा ओटीपी आदि मांगने पर न दें ।सोशल मीडिया का प्रयोग करते समय सावधानियां बरते । किसी भी पोस्ट की सच्चाई जाने विना उसे शेयर न करें , अनजान लोगो की फ्रैन्ड रिक्वेस्ट आने पर उसे एक्सेप्ट न करें तथा सिक्योरिटी फीचर हमेशा ऑन रखें । कॉल पर किसी भी व्यक्ति द्वारा दिए गए ऑफर, लालच, या धमकी पर विश्वास न करें । सभी प्रकार के ईलेक्ट्रानिक उपकरण, सभी डिजिटल अकाउंट का स्ट्रांग पासवर्ड बनाएं तथा टू-स्टेप ऑथेंटिकेशन की सेटिंग अनिवार्य रुप से ऑन रखें । साइबर फ्राड होने पर तत्काल अपनी शिकायत साइबर हेल्प लाइन नं0 1930, NCRP पोर्टल पर शिकायत रजिस्टर्ड करने या www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत रजिस्टर्ड करायें अथवा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर अपने निकटतम थाने या डायल-112 पर सूचना दें, जिससे कि वित्तीय धोखाधड़ी होने पर साइबर क्राइम के गोल्डन ऑवर में सम्बंधित एजेंसी द्वारा आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जा सके ।

## शार्ट न्यूज

### छात्राओं को किया गया जागरूक

**पीलीभीत।** जनपद में मिशन शक्ति-5 अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण को लेकर पुलिस द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सेहरामऊ उत्तरी, बरखेड़ा एवं घुंघचाई क्षेत्र में महिला सुरक्षा केंद्र की टीमों ने भ्रमण कर छात्राओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। अभियान के दौरान छात्राओं को महिला संबंधी कानूनों, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, आपात स्थिति में सहायता प्राप्त करने के तरीकों तथा साइबर अपराध से बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने छात्राओं को सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, अनजान कॉल और लिंक से बचने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में तुरंत पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया। महिला सुरक्षा केंद्र की टीमों ने भरोसा दिलाया कि महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा पुलिस की प्राथमिकता है और किसी भी प्रकार की समस्या पर वे निर्भीक होकर सहायता ले सकती हैं।

### घाटमपुर रेलवे स्टेशन पर घायल मिली युवती

**कानपुर।** कानपुर के घाटमपुर नगर स्थित रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक 25 वर्षीय युवती घायल अवस्था में बैठी मिली। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने युवती को अपनी निगरानी में लेकर घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर स्थित हैलट अस्पताल (एलएलआर) रेफर कर दिया गया। युवती की पहचान झांसी जनपद के प्रेमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत हंसारी निवासी फूल सिंह की पुत्री मंजू सिंह के रूप में हुई है। आरपीएफ चौकी प्रभारी एसबी सिंह के अनुसार, युवती के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और वह काफी डरी-सहमी हुई थी। आरपीएफ की पूछताछ में युवती ने बताया कि वह घाटमपुर में अपनी मौसी शिवकुमारी के साथ रह रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर उसके मौसेरे भाई ने उसके साथ मारपीट की, जिससे वह घायल हो गई। इसके बाद वह रेलवे स्टेशन के पास आकर बैठ गई, जहां लोगों ने उसे घायल अवस्था में देखा।

### मानसिक रूप से परेशान युवक ने फांसी लगाई

**औरैया।** मुरादगंज कस्बे की नई बस्ती में रविवार दोपहर एक युवक ने अपने घर की छत पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से उतारकर पंचनामा भरा। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। मृतक की पहचान शीलू (उम्र लगभग 20 वर्ष) के रूप में हुई है। बताया गया है कि शीलू मानसिक रूप से परेशान था। करीब बीस वर्ष पहले उसके पिता रमेश सिंह का एक दुर्घटना में निधन हो गया था। पति की मौत के बाद से शीलू की मां माधुरी भी अवसादग्रस्त रहती हैं। शीलू कुछ समय पहले तक एक निजी कंपनी में काम करके परिवार का गुजारा चला रहा था। लगभग छह माह पूर्व उसकी नौकरी चली गई, जिसके बाद वह भी अवसाद में चला गया था। रविवार दोपहर बाद उसने अवसाद की स्थिति में दुपट्टे से फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पड़ोसियों ने जब उसे देखा, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी ललितेश त्रिपाठी और चौकी प्रभारी मुरादगंज उपेंद्र कुमार मौके पर पहुंचे।

### प्लाईवुड कारोबारी पर 22.80 लाख हड़पने का आरोप

**कानपुर।** कानपुर के जाजमऊ थाना क्षेत्र की एक बुजुर्ग महिला ने प्लाईवुड कारोबारी, उसके बेटे और पत्नी के खिलाफ 22 लाख 80 हजार रुपये हड़पने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। महिला का आरोप है कि रुपये वापस मांगने पर उसे जान से मारने और शरीर के टुकड़े करने की धमकी दी गई। पुलिस ने दंपति व उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जाजमऊ के कैलाश नगर निवासी झरना राय ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे के दोस्त नीरज पोद्दार और उनके पिता आर.आर. पोद्दार उनके घर आए थे। उन्होंने रूमा स्थित 600 गज का एक प्लॉट बेचने की बात कही, जिसके लिए 51 लाख रुपये का सौदा तय हुआ। झरना राय ने तीन बैंक खातों के माध्यम से कारोबारी को 41 लाख रुपये दिए थे। झरना राय के अनुसार, पिछले तीन साल से प्लाईवुड कंपनी के संचालक नीरज पोद्दार और उनके पिता आर.आर. पोद्दार बैनामा कराने में टालमटोल कर रहे थे। जब उन्होंने बेटी की शादी का हवाला देकर रुपये वापस मांगे, तो कारोबारी ने 13.20 लाख रुपये लौटा दिए।

### सहारनपुर में नशा तस्कर अरेस्ट

**सहारनपुर।** सहारनपुर पुलिस ने रविवार को एक शातिर नशा तस्कर को अरेस्ट किया है। उसके कब्जे से 120 ग्राम अवैध स्मेक बरामद हुई है। जिसकी अंतरार्ष्ट्रीय बाजार में 24 लाख रुपए कीमत आंकी गई है। थाना नकुड़ पुलिस ने ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत यह कार्रवाई की है। एसपी ग्रामीण सागर जैन के मुताबिक, रविवार को नकुड़ थाना पुलिस टीम गंगोह-नकुड़ रोड से घाटमपुर जाने वाले रास्ते पर चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर तलाशी ली गई, जिसके पास से 120 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस स्मैक की अनुमानित कीमत करीब 24 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से एक इलेक्ट्रॉनिक कांटा और 1500 रुपये नकद भी बरामद किए हैं, जो आरोपी के लंबे समय से नशा तस्करी में संलिप्त होने का संकेत देते हैं। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सहारनपुर जनपद के नकुड़ थाना क्षेत्र के गांव बाजपुर निवासी अमजद पुत्र अय्यूब के रूप में हुई है।

### कानपुर में वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** कानपुर के पनकी में बीते 31 दिसंबर को घर से किसी काम से निकले युवक को तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजनों ने उन्हें उपचार के लिये पास के निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था जहां उनका उपचार चल रहा था। रविवार को सुबह उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। पनकी थाना क्षेत्र के सरायमीता निवासी नीरज कुमार प्राइवेट कर्मी है। परिवार में पिता प्रेम कुमार बड़ा भाई प्रवीण कुमार (37) भाभी सृष्टि भतीजी सिद्दी है। छोटे भाई नीरज ने बताया कि बीते 31 दिसंबर को भाई कुछ सामान लेने जाने कि बात कहकर घर से स्कूटी लेकर निकले थे। घर के पास ही थोड़ी दूर पर तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने स्कूटी में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और भाई को पास के निजी हॉस्पिटल ले गए जहां पांच दिन से भाई का उपचार चल रहा था।

## संक्षिप्त समाचार

### ऑस्ट्रेलिया : नॉर्दर्न टेरिटरी में 31 साल बाद फिर इच्छा मृत्यु कानून की तैयारी

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया का नॉर्दर्न टेरिटरी क्षेत्र 31 साल बाद फिर से स्वैच्छिक इच्छा मृत्यु को वैध बनाने की दिशा में बढ़ रहा है। 1995 में नॉर्दर्न टेरिटरी ने दुनिया में पहली बार ऐसा कानून बनाया था, जिसे 1997 में ऑस्ट्रेलियाई संसद ने रद्द कर दिया था। अब यहां की सरकार ने घोषणा की है कि 2026 के मध्य तक डॉक्टरों की सहायता से मौत से संबंधित बिल पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया के सभी छह राज्यों और ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी में यह कानून लागू है।

### नावों पर हमलों के बाद बचे लोगों की तलाश जारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने कहा है कि पूर्वी प्रशांत महासागर में उन लोगों की तलाश अब भी जारी है, जो ड्रग तस्करी के आरोप वाली नावों पर अमेरिकी सैन्य हमलों के दौरान समुद्र में कूद गए थे। हालांकि, घटना को कई दिन बीत जाने के बाद किसी के जिंदा मिलने की संभावना काफी कम होती जा रही है। कोस्ट गार्ड के मुताबिक, मंगलवार दोपहर को खोज अभियान शुरू किया गया, जब अमेरिकी सेना ने सूचना दी कि मेक्सिको–ग्वाटेमाला सीमा से करीब 400 मील दूर समुद्र में कुछ लोग मौजूद हो सकते हैं। इसके बाद सैक्रामेंटो से एक विमान भेजा गया, जिसने 1,000 मील से ज्यादा क्षेत्र में तलाशी ली और आसपास से गुजर रहे जहाजों को भी अलर्ट किया गया। एजेंसी ने बताया कि अब तक 65 घंटे से अधिक समय तक खोज अभियान चलाया गया है, जिसमें अन्य देशों और नागरिक जहाजों का भी सहयोग लिया गया। इस दौरान समुद्र में नौ फीट ऊंची लहरें और 40 नॉट की तेज हवाएं तलाशी में बड़ी बाधा बनी रहीं।

### क्यूबा के पास क्रूज जहाज से गिरी 77 वर्षीय महिला की तलाश अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने रोकी

**क्यूबा, एजेंसी।** अमेरिकी कोस्ट गार्ड ने उस 77 वर्षीय महिला की तलाश अभियान को रोक दिया है, जो नए साल के दिन क्यूबा के पास एक क्रूज जहाज से समुद्र में गिर गई थी। कोस्ट गार्ड के अनुसार, महिला की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। उसकी तलाश में करीब आठ घंटे तक 690 वर्ग मील (करीब 1,787 वर्ग किलोमीटर) क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली।

### नेपाल में 5 मार्च के चुनाव के लिए 80000 सैनिक होंगे तैनात

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में 5 मार्च को होने वाले आम चुनावों के लिए नेपाल सेना करीब 80,000 सैनिकों को तैनात करेगी। यह जानकारी सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दी। नेपाल सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल राजाराम बस्नेत के अनुसार, चुनाव के दौरान सुरक्षा के लिए सेना की 90 प्रतिशत से ज्यादा जमीनी ताकत तैनात की जाएगी। सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने पहले ही सेना की तैनाती को मंजूरी दे दी है। प्रवक्ता ने बताया कि चुनाव से एक महीने पहले सेना की तैनाती शुरू हो जाएगी। इसके लिए तीन–स्तरीय सुरक्षा योजना बनाई गई है। इसमें पहली परत नेपाल पुलिस की, दूसरी परत सशस्त्र पुलिस बल की, तीसरी और अंतिम परत नेपाल सेना की होगी। इस व्यवस्था का मकसद चुनाव को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराना है।

### पूर्वी नेपाल में हल्के भूकंप के झटके

**काठमांडू, एजेंसी।** पूर्वी नेपाल के ताप्लेजुंग जिले में शनिवार सुबह हल्का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप की तीव्रता 4.6 मापी गई। इसके झटके पास के शंखुवासभा और पांचथर जिलों में भी महसूस किए गए। नेशनल अर्थक्वेक मॉनिटरिंग एंड रिसर्च सेंटर के मुताबिक, भूकंप सुबह 6:13 बजे आया। इसका केंद्र ताप्लेजुंग से करीब 420 किलोमीटर पूर्व, फालाइचा इलाके में था। भूकंप से किसी तरह के जान–माल के नुकसान की तत्काल कोई सूचना नहीं है। इससे पहले 9 दिसंबर को भी नेपाल के कालापानी क्षेत्र में 4.3 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था, जो चीन सीमा के पास है।

### इंडोनेशिया में नई दंड संहिता लागू औपनिवेशिक कानूनों से मुक्ति

**जकार्ता, एजेंसी।** इंडोनेशिया ने शुक्रवार से नई दंड संहिता लागू कर दी है। इसके साथ ही देश में 80 साल से चले आ रहे डच शासन काल के कानूनों का अंत हो गया। 1945 में स्वतंत्रता के बाद से ही इंडोनेशिया पुराने औपनिवेशिक ढांचे के तहत काम कर रहा था। 345 पन्नों के इस नए कानून को 2022 में पारित किया गया था। तीन साल के संक्रमण काल के बाद लागू हुए इस कानून में विवाह से इतर यौन संबंधों को अपराध माना गया है। यह नियम नागरिकों और विदेशी पर्यटकों, दोनों पर लागू होगा।

# अमेरिकी अखबार का दावा- ट्रम्प हर डील में देखते है परिवार का फायदा



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल ट्रम्प परिवार के लिए कमाई का जरिया बनता जा रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प सरकार ने पिछले एक साल में जिन-जिन देशों के साथ बड़ी डील्स कीं, उन्हीं से ट्रम्प परिवार का कारोबार भी तेजी से बढ़ा। ट्रम्प जब दोबारा व्हाइट हाउस पहुंचे, तो उन्होंने पहले कार्यकाल की तरह यह वादा नहीं किया कि उनका परिवार नए अंतरराष्ट्रीय सौदे नहीं करेगा। लेकिन, कभी क्रिप्टो को धोखा बताने वाले ट्रम्प अब खुद क्रिप्टो को बढ़ावा दे रहे हैं। ट्रम्प परिवार का कारोबार अब रियल एस्टेट से आगे क्रिप्टो, एआई, डेटा सेंटर्स तक फैल चुका है। आलोचकों का कहना है कि ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति पद अमेरिका के लिए कम और परिवार के लिए ज्यादा काम करता दिख रहा है। अप्रैल 2025 में सऊदी समर्थित गोल्फ टूर्नामेंट के दौरान ट्रम्प ने लिखा- 'यह अमीर बनने का शानदार वक्त है, पहले से भी ज्यादा अमीर।' वे इसी राह पर चल रहे हैं।

**ट्रम्प परिवार का कारोबार 5 सेक्टर में फैला : क्रिप्टो कारोबार :** डोनाल्ड ट्रम्प, स्टीव विटकॉफ (मध्य-एशिया में अमेरिका के विशेष दूत) और उनके बेटे यह कारोबार संभालते हैं। वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ट्रम्प मेमकॉइन और डब्ल्यूएलएफआई टोकन जारी करती है।

**रियल एस्टेट और ट्रम्प ब्रांड :** डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर और एरिक ट्रम्प ट्रम्प ऑर्गेनाइजेशन चलाते हैं। होटल, गोल्फ कोर्स और टावरों के लिए ट्रम्प नाम से लाइसेंस होता है। यह 8 ग्लोबल प्रोजेक्ट बना रही है।

**एआई और टेक निवेश :** स्टीव विटकॉफ और डेविड सैक्स एआई और डेटा सेंटर में निवेश देखते हैं। लुटनिक की कंपनी फीस कमाती है। एनवीडिया चिप्स यूएई की जी42 को बेचने से नेटवर्क को फायदा मिला।

**डिफेंस और टेक कॉन्ट्रैक्ट्स :** डोनाल्ड ट्रम्प जूनियर से जुड़ी कंपनियां ड्रोन और रक्षा तकनीक के ठेके संभालती हैं। पेंटागन से एग्रीमेंट मिले हैं। ट्रम्प मीडिया का टीएई टेक्नोलॉजी से ?49,800 करोड़ रुपए का विलय प्रस्ताव है।

**फाइनेंशियल और निवेश कंपनियां :** जैरेड कुशनर एफिनिटी पार्टनर्स चलाते हैं। सऊदी अरब और खाड़ी देशों से हजारों करोड़ जुटाए गए। यह पैसा रियल एस्टेट, टेक और डेटा सेंटर प्रोजेक्ट्स में लगाया जा रहा है। डोनाल्ड ट्रम्प का महंगा और प्रसिद्ध आवास फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब और एस्टेटहै। यह संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है। डोनाल्ड ट्रम्प का महंगा और प्रसिद्ध आवास फ्लोरिडा के पाम बीच में स्थित मार-ए-लागो क्लब और एस्टेटहै। यह संपत्ति एक ऐतिहासिक धरोहर है और 2019 से उनका मुख्य निवास स्थान है।

**यूएई ने ट्रम्प परिवार के कॉइन खरीदे, कतर ने जेट गिफ्ट किया : यूएई:** मई 2025 में ट्रम्प प्रशासन ने यूएई को अमेरिकी चिप्स बेचने की मंजूरी दी। एनवीडिया चिप्स की बिक्री से अमेरिका को एआई इंफ्रा में बढ़त। दुबई समिट में वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल से 16,600 करोड़ के स्टेबलकॉइन खरीदे, जिससे ट्रम्प परिवार को करोड़ों का मुनाफा।

**सऊदी अरब:** 2025 में ट्रम्प ऑर्गेनाइजेशन सरकारी बैक्ड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स (होटल, टावर और गोल्फ कोर्स) पर बातचीत में रहा। सऊदी हितों से जुड़ी दार ग्लोबल 4 प्रोजेक्ट आगे बढ़ा रही है। नवंबर 2025 में ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस से सुरक्षा बातचीत की, जिनका संभावित ट्रम्प-ब्रांडेड प्रोजेक्ट से सीधा संबंध बताया गया।

**कतर:** 2025 में सरकारी समर्थन वाले ट्रम्प-ब्रांडेड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट पर काम हुआ, जिससे परिवार को लाइसेंसिंग फीस से मुनाफा मिला। मई 2025 में कतर ने ट्रम्प के लिए एक लग्जरी बोइंग जेट दिया।

**अल्बानिया:** 2025 में इवांका से जुड़ा लग्जरी होटल प्रोजेक्ट मंजूर हुआ, जिससे ब्रांडिंग के जरिए मुनाफा हुआ।

सर्बिया: ट्रम्प के दामाद जैरेड कुशनर की एफिनिटी पार्टनर्स एक साल के विवाद और जनता के विरोध के बाद ट्रम्प-ब्रांडेड होटल बोली से बाहर हो गई।

**ओमान और मालदीव :** 2025 के दौरान ट्रम्प-ब्रांडेड रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स हुए। परिवार को लाइसेंसिंग और ब्रांडिंग फीस से फायदा मिला।

**वियतनाम:** 2025 में ट्रम्प परिवार के गोल्फ और होटल प्रोजेक्ट के लिए स्थानीय कानूनों को नजरअंदाज किया गया। इससे ब्रांडिंग के जरिए करोड़ों की कमाई हुई।

**दक्षिण कोरिया:** 2025 में डेटा सेंटर निवेश के लिए प्रतिस्पर्धा हुई। इससे एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ावा मिला और हॉवर्ड लुटनिक की फर्म के जरिए ट्रम्प नेटवर्क को अप्रत्यक्ष लाभ पहुंचा।

## एसआई संतोष की हत्या पर छात्र नेता का दावा- हमने उसे जिंदा जला दिया



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को लेकर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो ने देशभर में आक्रोश फैला दिया है, जिसमें एक कथित छात्र नेता खुलेआम एक हिंदू पुलिस अफसर की लिंचिंग पर डींग मारता दिखाई दे रहा है। यह वीडियो एक्स पर एक पत्रकार और लेखक साहिदुल हसन खोकोन ने शेयर किया था। वीडियो में युवक खुद को हबीगंज जिले का छात्र समन्वयक बताते हुए पुलिस अधिकारियों को खुलेआम धमकी देता नजर आता है। वह कहता है कि जुलाई 2024 के आंदोलन के दौरान उन्होंने एक पुलिस स्टेशन को आग के हवाले कर दिया था और हिंदू सब-इंस्पेक्टर संतोष भाभू को जिंदा जला दिया। चौंकाने वाली बात यह है कि वह यह बयान एक पुलिस थाने के भीतर बैठकर, बिना किसी डर या पछतावे के देता है। इस बयान ने अगस्त 2024 में हुई उस भयावह घटना को फिर से चर्चा में ला दिया है, जब हबीगंज जिले के बनियाचोंग थाने में तैनात सब-इंस्पेक्टर संतोष भाभू की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे से कुछ घंटे पहले हुई थी, जब इलाके में राजनीतिक तनाव चरम पर था। बताया गया कि हिंसक भीड़ ने पहले पुलिस स्टेशन पर हमला किया। आत्मरक्षा में पुलिस को फायरिंग करनी पड़ी, जिसमें कुछ लोग मारे गए। इसके बाद देर रात भीड़ दोबारा लौटी और सेना की मौजूदगी में बाकी पुलिसकर्मियों को छोड़ने के बदले संतोष भाभू को सौंपने की शर्त रखी। करीब ढाई बजे रात में उनकी बेरहमी से लिंचिंग कर दी गई।

**अल्पसंख्यकों की सुरक्षा पर सवाल :** हबीगंज जिला मुस्लिम बहुल है, जहां हिंदू आबादी करीब 16 फीसदी है। इस घटना और हालिया वीडियो ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चिंता बढ़ा दी है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि इस तरह की बयानबाजी और खुलेआम हिंसा पर गर्व, कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

## नेपाल में बुद्धा एयर की फ्लाइट रनवे से फिसली, 51 यात्री और 4 क्रू मेंबर थे सवार



काठमांडू, एजेंसी। नेपाल के भद्रपुर एयरपोर्ट पर बुद्धा एयर की फ्लाइट रनवे से फिसल गई। गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ और सभी यात्री व क्रू मेंबर सुरक्षित हैं। शुक्रवार देर रात काठमांडू से भद्रपुर जा रही बुद्धा एयर की फ्लाइट नंबर 901 (एयरक्राफ्ट9एन-एएमएफ) लैंडिंग के दौरान रनवे से बाहर निकल गई। इस विमान में 51 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। नेपाल पुलिस और एयरलाइन के अनुसार, हादसे में किसी को चोट नहीं आई और सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। फ्लाइट शाम 8:23 बजे काठमांडू से रवाना हुई थी और भद्रपुर में लैंडिंग के समय यह घटना हुई। विमान रनवे के किनारे घास वाले क्षेत्र में रुक गया, जिससे मामूली नुकसान हुआ। एयरलाइन ने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि लैंडिंग के दौरान विमान रनवे से बाहर हो गया, लेकिन सभी यात्री और क्रू सुरक्षित हैं। नेपाल पुलिस ने भी पुष्टि की कि सभी को सुरक्षित बचा लिया गया है। बुद्धा एयर ने काठमांडू से तकनीकी और राहत टीम दूसरे विमान से भद्रपुर भेजी है, जो स्थिति का आकलन करेगी। यह फ्लाइट भद्रपुर में रात भर रुकने वाली थी और अगली सुबह काठमांडू वापस लौटने वाली थी। जांच के बाद आगे की जानकारी सामने आएगी।

**नेपाल में विमानन सुरक्षा पर फिर से सवाल :** यह घटना नेपाल में विमानन सुरक्षा पर फिर से सवाल उठाती है, क्योंकि हाल के वर्षों में यहां कई गंभीर हादसे हो चुके हैं। जुलाई 2024 में सौर्या एयरलाइंस का एक विमान काठमांडू से टेकऑफ के बाद क्रैश हो गया था, जिसमें 19 में से 18 लोगों की मौत हो गई थी। भद्रपुर जैसे छोटे एयरपोर्ट्स पर रनवे की स्थिति और मौसम जैसे कारक अक्सर चुनौतीपूर्ण रहते हैं। शुक्र है कि इस बार बड़ा हादसा टल गया।

## मेडिकल डायग्नोसिस में डॉक्टरों से बेहतर ग्रोक एआई? ताजा मामले से दुनिया भर में हड़कंप





**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी बिजनेसमैन एलन मस्क ने मेडिकल डायग्नोसिस को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि उनकी कंपनी एक्स एआई की ओर से विकसित ग्रोक एआई डायग्नोसिस में डॉक्टरों से बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। जून 2025 का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें मस्क कहते हैं कि ग्रोक एआई मेडिकल क्षेत्र में बहुत उपयोगी साबित होगा। यूजर अपनी एक्स-रे या एमआरआई इमेज अपलोड करके ग्रोक से मेडिकल डायग्नोसिस मालूम कर सकते हैं। मस्क ने कहा, 'मैंने ऐसे मामले देखे हैं जहां ग्रोक का डायग्नोसिस डॉक्टरों से बेहतर साबित हुआ है।'

यह दावा तब सुर्खियों में आया जब मस्क ने एक पोस्ट रीट्वीट की, जिसमें ग्रोक की क्षमताओं की सराहना की गई थी। ग्रोक न केवल तेजी से विश्लेषण करता है, बल्कि सेकंडों में नतीजे भी देता है, जबकि रेडियोलॉजिस्ट की रिपोर्ट के लिए कई दिनों का इंतजार करना पड़ सकता है। यह एआई हेल्थकेयर में क्रांति लाने की क्षमता रखता है। लेकिन, एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह डॉक्टरों का विकल्प नहीं, बल्कि सहायक हो सकता है।

**ग्रोक का ताजा उदाहरण कमाल का :** ताजा उदाहरण 49 वर्षीय नॉर्वे के एक व्यक्ति का है, जिसने रेडिट पर अपनी कहानी शेयर की। उसे 24 घंटे से अधिक समय से पेट में तेज दर्द था। अस्पताल में डॉक्टर ने इसे एसिड रिफ्लक्स बताकर एंटासिड दवा दी और घर भेज दिया। दर्द बढ़ने पर उसने ग्रोक एआई से सलाह लिया। ग्रोक ने अल्सर या एपेंडिसाइटिस की संभावना जताई। इसने चेतावनी दी और कहा कि तुरंत सीटी स्कैन करा लेना चाहिए। यह शख्स दोबारा अस्पताल गया, जहां जांच से पता चला कि उसका एपेंडिक्स गंभीर रूप से सूजा हुआ था और फटने की कगार पर था। इमरजेंसी सर्जरी के बाद वह पूरी तरह ठीक हो गया।

**इंटरनेट यूजर्स की क्या प्रतिक्रिया :** व्यक्ति ने ग्रोक को अपनी जान बचाने का श्रेय दिया। इस कहानी को लाखों लोगों ने पढ़ा और एआई की जीवन रक्षक क्षमता को जानकार हैरान रह गए। हालांकि, इस दावे पर ऑनलाइन बहस छिड़ गई है। कई यूजर्स ने ग्रोक की तारीफ भी की है। एक शख्स ने कहा कि ग्रोक ने उनकी एमआरआई को सही पढ़ा था। हालांकि, कुछ लोग संशय में हैं। उन्होंने शिकायत की कि ग्रोक ने उनकी इमेज को गलत डायग्नोज किया। विशेषज्ञ चेतावनी देते हैं कि एआई अभी पूरी तरह विश्वसनीय नहीं है और गलतियां कर सकता है।

# जेलेंस्की ने किरिलो बुडानोव को यूक्रेन का नया चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया



**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने बड़े फेरबदल की घोषणा की है, जिसमें लेफ्टिनेंट जनरल किरिलो बुडानोव को अपना नया चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त किया गया है। जेलेंस्की ने कहा कि अब राष्ट्रपति कार्यालय का मुख्य ध्यान सुरक्षा मुद्दों, रक्षा और सुरक्षा बलों के विकास और शांति वार्ताओं पर होगा। बुडानोव की जगह विदेशी खुफिया सेवा के प्रमुख ओलेह इवाश्चेंको को मिलिट्री इंटेलिजेंस का नया प्रमुख बनाया गया है। इसके अलावा, जेलेंस्की ने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन मंत्री मिखाइलो फेडोरोव को नया रक्षा मंत्री बनाने का प्रस्ताव दिया है, जो 34 वर्षीय युवा नेता हैं और यूक्रेन की सेना में ड्रोन के उपयोग को तेज करने और ई-गवर्नमेंट प्लेटफॉर्म शुरू करने के लिए जाने जाते हैं। फेडोरोव पूर्व रक्षा मंत्री देनिस शिमहाल की जगह लेंगे, जिन्होंने दिसंबर में हर रोज 1,000 से ज्यादा इंटरसेप्टर ड्रोन का प्रोडक्शन किया था। बुडानोव की नियुक्ति पूर्व चीफ ऑफ स्टाफ आंद्री येरमाक की जगह पर हुई है, जो ऊर्जा क्षेत्र में भ्रष्टाचार जांच के बाद पद से हट गए थे। जेलेंस्की ने जांच का सीधा जिक्र नहीं किया, लेकिन नई अनुशासन और फोकस की जरूरत पर जोर दिया। 39 वर्षीय बुडानोव यूक्रेन के सबसे प्रसिद्ध चेहरों में से एक हैं। रूस के 2014 में क्रीमिया पर अवैध कब्जे के बाद वे प्रमुखता से उभरे और 2022 के पूर्ण आक्रमण के बाद खुफिया अभियानों, तोड़फोड़ और रूस के अंदर गहराई तक हमलों के लिए जाने जाते हैं। टेलीग्राम पर बुडानोव ने कहा कि यह नई भूमिका उनके लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बुडानोव का अनुभव वार्ताओं में फायदेमंद साबित हो सकता है, क्योंकि उन्होंने अमेरिका के साथ बातचीत और रूस के साथ कैदी आदान-प्रदान में हिस्सा लिया है।

## ईरान के विरोध प्रदर्शनों में अब तक आठ की मौत; पूर्व क्राउन प्रिंस ने क्यों ट्रंप का जताया आभार?



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में विरोध प्रदर्शन छठे दिन में प्रवेश कर गए हैं। कई हिस्सों में हिंसक प्रदर्शन और गिरफ्तारियों की खबरें हैं। अमेरिका स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समाचार एजेंसी (एचआरएएनए) ने बताया कि अब तक आठ प्रदर्शनकारी मारे जा चुके हैं और दर्जनों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदर्शन की शुरुआत सोमवार को हुई, जब तेहरान में कारोबारियों ने बाजार को बंद किया। अब ये प्रदर्शन देश के 46 शहरों और 22 प्रांतों में 113 स्थानों तक फैल चुके हैं। एचआरएएनए ने बताया कि माशहद, जाहिदान, काजवीन, हमदान और तेहरान जैसे शहरों में प्रदर्शन जारी हैं। इन जगहों पर सुरक्षा बढ़ाई गई है, बल प्रयोग हुआ है और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

**पूर्व क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने ट्रंप को दिया धन्यवाद :** उधर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरानी अधिकारी प्रदर्शनकारियों को निशाना बनाते हैं तो अमेरिका दखल कर सकता है, इसके बाद ईरान के पूर्व क्राउन प्रिंस रेजा पहलवी ने अमेरिकी राष्ट्रपति का धन्यवाद किया और ईरानी जनता का समर्थन करने के लिए सराहना की। पहलवी ने कहा कि ईरानी लोग इस शासन के 46 साल की अराजकता और आतंक के शासन को समाप्त करना चाहते हैं और क्षेत्र में शांति और स्थिरता लाने के लिए अमेरिका के साथ संबंध फिर से सुधारने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि ट्रंप की चेतावनी ईरानी लोगों को ताकत और उम्मीद देती है और यह दिखाती है कि आखिरकार अमेरिका का राष्ट्रपति उनके साथ मजबूती से खड़ा है।

पूर्व ईरानी महारानी फराह पहलवी ने भी प्रदर्शनों का समर्थन किया और सुरक्षा बलों से लोगों के आंदोलन में शामिल होने की अपील की। उन्होंने लिखा कि ईरान एक गौरवशाली इतिहास वाला देश है और भविष्य उनके साहस और संघर्ष का परिणाम होगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये यह चेतावनी दी थी कि अगर ईरान शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन करने वालों को मारता है तो अमेरिका उनकी मदद के लिए तैयार है। उन्होंने लिखा, हम तैयार हैं और तत्पर हैं। इस मामले पर आपका ध्यान देने के लिए धन्यवाद!

## यमन में सऊदी अरब का हवाई हमला, 20 की मौत, सरकार-अलगाववादी गुट में जंग छिड़ी, सेना ने मिलिट्री बेस को कब्जे से छुड़ाया

**सना, एजेंसी।** यमन में सऊदी अरब की एयरस्ट्राइक में 20 अलगाववादी लड़ाके मारे गए हैं। यह घटना शुक्रवार को दक्षिणी प्रांत के हद्रामौत में हुई जहां अलगाववादी संगठन सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) के एक ठिकाने को निशाना बनाया गया। इसमें 20 से ज्यादा लोग घायल भी हो गए हैं। इस बीच यमन सरकार ने सैन्य कार्रवाई कर अलगाववादी गुट से अहम मिलिट्री बेस वापस अपने कब्जे में लेने का दावा किया है। हद्रामौत के गवर्नर सालेम अल-खानबाशी ने कहा कि सुरक्षाबल सिर्फ एसटीसी के कब्जे से सैन्य ठिकानों को वापस लेने की कोशिश कर रहे हैं।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब दो दिन पहले ही यूएई ने यमन से अपनी सेना वापस बुलाने की बात कही थी। इसके पहले सऊदी अरब ने यूएई को देश से बाहर निकलने के लिए 24 घंटे की समय सीमा दी थी। एसटीसी यमन का एक अलगाववादी संगठन है, जो कि यमन के दक्षिणी हिस्से को आजाद कराने के लिए जंग लड़ रहा है। इस संगठन को यूएआई का समर्थन मिलता है।

**यूएआई ने यमन से अपनी आखिरी सेना भी निकाली :** यूएआई ने कहा है कि उसने तनाव कम करने की कोशिश की है और उसकी आखिरी सेना यमन से निकल चुकी है। यमन के मुकल्ला बंदरगाह पर मंगलवार को सऊदी अरब के हमले के बाद यूएआई ने सेना वापस बुलाने की घोषणा की थी। इस बमबारी में यूएआई से आए एक शिपमेंट को निशाना बनाया गया था, जिसमें हथियार होने की बात कही गई थी। यूएआई ने इन दावों को खारिज कर दिया था। उसने बताया कि शिपमेंट में गाड़ियां थीं और किसी भी तरह के हथियार नहीं थे।

सऊदी अरब ने मंगलवार सुबह यमन के मुकल्ला पोर्ट पर बमबारी की थी। उसने आरोप लगाया था कि यूएआई के फुजैरा पोर्ट से आए दो जहाजों से यहां हथियार और सैन्य वाहन उतारे जा रहे थे। इन जहाजों के ट्रैकिंग सिस्टम बंद थे। सऊदी अरब का कहना है



कि ये हथियार सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) नाम के अलगाववादी गुट को दिए जा रहे थे, जो कि शांति और स्थिरता के लिए खतरा बन सकते थे। इसलिए वायुसेना ने सीमित हवाई हमला कर हथियारों और सैन्य वाहनों को निशाना बनाया सऊदी अरब और यूएई पिछले 10 साल से यमन में हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ रहे हैं लेकिन वे वहां अलग-अलग गुटों का समर्थन करते हैं। मुकल्ला पर हुए हवाई हमले के बाद यमन सरकार ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ किया गया रक्षा समझौता भी रद्द कर दिया है। इसके साथ ही सरकार ने हालात पर नियंत्रण के लिए 72 घंटे की हवाई, थल और समुद्री नाकाबंदी लागू करने और 90 दिनों के लिए आपातकाल घोषित करने का फैसला किया है।

**सऊदी ने यमन पर हमला क्यों किया :** सदर्न ट्रांजिशनल काउंसिल (एसटीसी) एक सशस्त्र अलगाववादी संगठन है, जिसे यूएई का समर्थन प्राप्त है। एसटीसी का मकसद यमन को उत्तर और दक्षिण दो अलग देशों में बांटना है। इसके बाद वह दक्षिणी यमन में अलग सरकार बनाना चाहता है। यमन 1990 से पहले दो हिस्सों उत्तरी और दक्षिणी यमन में बंटा हुआ था। दोनों के एकीकरण के बाद भी दक्षिण में अलगाव की भावना बरकरार है। पिछले एक महीने में एसटीसी ने यमन में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान चलाए थे। एसटीसी की फौजों ने हद्रामौत और अल-मह्रा जैसे तेल और गैस-समृद्ध इलाकों पर कब्जा कर लिया। इस वजह से यमन सरकार की सुरक्षा बलों और स्थानीय कबीलों को पीछे हटना पड़ा। कई इलाकों में हिंसा और मौतों की खबरें आईं : दिसंबर के मध्य तक एसटीसी ने कई अहम तेल और गैस क्षेत्रों पर नियंत्रण का दावा किया। दक्षिणी अबयान प्रांत में नए सैन्य अभियान की घोषणा की। 15 दिसंबर को एसटीसी ने अबयान के पहाड़ी इलाकों में बड़ा हमला किया। इसके जवाब में सऊदी अरब ने हद्रामौत के वादी नहाब इलाके में चेतावनी के तौर पर हवाई हमले किए। सऊदी ने साफ कहा कि अगर एसटीसी पीछे नहीं हटा, तो आगे और कड़ी कार्रवाई होगी। मुकल्ला पोर्ट पर हमला उसी चेतावनी की अगली कड़ी माना जा रहा है।

हूती विद्रोही- हूती विद्रोही खुद को अंसार अल्लाह मतलब अल्लाह के मददगार कहते हैं। इसे ईरान का समर्थन मिलता है। यमनी नेशनल रेजिस्टेंस फोर्सेज- यह बल हूती विद्रोहियों के खिलाफ लड़ता है और यमन की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त सरकार का समर्थक माना जाता है। इसे सऊदी अरब व यूएई का समर्थन हासिल है।

# टी 20 वर्ल्ड कप के लिए भारत नहीं आएगी बांग्लादेशी टीम

## -आईपीएल विवाद के बीच बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का फैसला

**ढाका(एजेंसी)।** बांग्लादेश की टीम आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 खेलने के लिए भारत नहीं जाएगी। बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की पुष्टि की है। नजरुल ने कहा कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने बैठक के बाद इस बात का फैसला लिया है। अब इंतजार इस बात का है कि इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल का इस मुद्दे पर क्या रुख होता है क्योंकि इस बड़े इवेंट के लिए शेड्यूल वगैरह तो आईसीसी ही तैयार करती है।

आसिफ नजरुल ने फेसबुक पर लिखा कि बांग्लादेश विश्व कप खेलने के लिए भारत नहीं जाएगा। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने रविवार को यह फैसला लिया है। हम इस फैसले का स्वागत करते हैं, जो इंडियन क्रिकेट बोर्ड की आक्रामक सांप्रदायिक नीतियों के जवाब में लिया गया है। बीसीबी का ये फैसला बांग्लादेशी गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान को इंडियन प्रीमियर लीग से बाहर करने के बाद लिया गया है। भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड ने कोलकाता नाइट राइडर्स को निर्देश दिया था कि वो मुस्ताफिजुर रहमान को अपनी टीम से रिलीज कर दे। केकेआर ने बीसीसीआई के निर्देशों का पालन करते हुए मुस्ताफिजुर को रिलीज कर दिया था।

### मुस्ताफिजुर को रिलीज करने के बाद हुआ बवाल

कोलकाता नाइट राइडर्स ने मुस्ताफिजुर रहमान को पिछले महीने हुई आईपीएल नीलामी में 9.20 करोड़ रुपये में खरीदा था। भारत के कुछ धार्मिक और राजनीतिक संगठनों की ओर से बांग्लादेशी खिलाड़ी के आईपीएल में खेलने पर सवाल उठाए गए,जिसके बाद बीसीसीआई ने बड़ा निर्णय लिया था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को 2026 के लिए अपने घरेलू अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम की घोषणा की थी, जिसमें भारत के खिलाफ सीमित ओवरों की सीरीज़ भी शामिल है। यह सीरीज पहले 2025 में प्रस्तावित थी, लेकिन बाद में इसे टाल दिया गया था। टी20 वर्ल्ड कप 2026 में बांग्लादेश के मुकाबले कोलकाता और मुंबई में खेले जाने निर्धारित हैं। निर्धारित शेड्यूल के मुताबिक टीम को अपना पहला मैच 7 फरवरी को ईडन गार्डन्स में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेलना है। हालांकि मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए इन मुकाबलों के स्थान को लेकर अब असमंजस की स्थिति बन गई है।




# चोट से रिकवर कर मैदान में उतरने को तैयार अय्यर... 6 जनवरी को हिमाचल के खिलाफ मैच



**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट से रिकवरी के बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबले खेलने को तैयार हैं। 31 वर्षीय खिलाड़ी को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर फील्डिंग के दौरान चोट लगी थी। अय्यर 6 जनवरी को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुंबई की ओर से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ खेलने वाले है। रिपोर्ट के अनुसार, श्रेयस अय्यर को बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से कुछ शर्तों के साथ खेलने की मंजूरी मिली है। अय्यर ने अपने रिहैबिलिटेशन के आखिरी दौर के लिए सीओई में 10 दिन बिताए। रिटर्न-टू-प्ले प्रोटोकॉल के तहत, अय्यर ने 2 जनवरी को एक प्रैक्टिस मैच भी खेला। इस प्रैक्टिस मैच के दौरान अय्यर को किसी तरह की तकलीफ महसूस नहीं हुई।

विजय हजारे ट्रॉफी में अय्यर का रिकॉर्ड शानदार रहा है। उन्होंने साल 2024 में कर्नाटक के विरुद्ध 50 गेंदों में 114 रन की पारी खेली थी। अय्यर ने प्रमुख घरेलू वनडे प्रतियोगिता में लगातार बेहतर प्रदर्शन किया है। वह पिछले सीजन 5 मुकाबलों में 325 रन बनाकर मुंबई के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बने है।

बात दें कि अय्यर को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत के तीसरे वनडे के दौरान गंभीर चोट लगी थी। कैच लेने की कोशिश में अय्यर अपना संतुलन खो बैठे और पसलियों के बल मैदान पर गिर पड़े। इससे उनकी स्प्लीन में गंभीर चोट आई और अंदरूनी ब्लीडिंग भी हुई। इसके बाद से अय्यर क्रिकेट मैदान से दूर हैं।

न्यूजीलैंड सीरीज के लिए भारत की वनडे टीम शनिवार को चुनी जाएगी, जिसमें खिलाड़ियों की फिटनेस पर ध्यान दिया जाएगा। इसके बाद यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है कि चयनकर्ता उन्हें सीधे इंटरनेशनल मुकाबलों के लिए चुने सकते हैं या फिर पहले उन्हें घरेलू प्रतियोगिता में परखना चाहते है।

# डेविड वॉर्नर ने बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स की ओर से खेली शतकीय बारी

## –टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर डेविड वॉर्नर इस समय बिग बैश लीग में सिडनी थंडर्स के लिए खेल रहे हैं। बीबीएल 2025-26 के 21वें मैच में सिडनी थंडर्स का मुकाबला होबार्ट हरिकेंस के साथ हुआ। इस मैच में वॉर्नर ने सिडनी के लिए रिकॉर्ड शतकीय पारी खेली। सिडनी के लिए वॉर्नर ने मैच में नाबाद 130 रन बनाए। उन्होंने सिर्फ 57 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इससे पहले वॉर्नर ने बीबीएल में आखिरी बार 2011 में शतक लगाया था। इस तरह उन्होंने बीबीएल में 14 साल के सूखे को खत्म किया। इस शतकीय पारी के साथ ही वॉर्नर ने टी20 क्रिकेट में विराट कोहली के एक बड़े रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली। टी20 फॉर्मेट में वॉर्नर का ये 9वां शतक था। वॉर्नर ने अपनी 428वीं पारी में ये कारनामा किया, जबकि कोहली ने 397वीं पारी में 9वीं टी20 सेंचुरी लगाई थी। टी20 में क्रिस गेल 22 सेंचुरी के साथ पहले स्थान पर हैं। वहीं पाकिस्तान के बाबर आजम 11 टी20 शतक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। होबार्ट हरिकेंस के खिलाफ डेविड वॉर्नर ने शतक लगाया, लेकिन उनकी टीम को जीत नहीं मिल सकी। मुकाबले में सिडनी की टीम पहले बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतरी थी। बैटिंग में टीम की शुरुआत खराब हुई और उसने बिना कोई रन बनाए अपने 2 विकेट गंवा दिए, फिर वॉर्नर ने अकेले मोर्चा संभालाते हुए निक मेडिसन, सैम बिलिंग्स और डेनियल सम्स के साथ मिलकर स्कोर को 20 ओवर के खेल में 4 विकेट के नुकसान पर 204 रन तक पहुंचाया। सिडनी के इस स्कोर के जवाब में होबार्ट की शुरुआत बहुत ही शानदार रही थी। पारी की शुरुआत करने आए टिम वार्ड और मिचेल ओवेन ने मिलकर पहले विकेट के लिए 108 रनों की पार्टनरशिप की। टिम वार्ड ने होबार्ट के लिए 90 रनों की शानदार पारी खेली। इसके अलावा मिचेल ओवेन ने 45 रन बनाए। इन दोनों के आउट होने के बाद मिडिल ऑर्डर के खिलाड़ियों ने 17.5 ओवर में टीम के स्कोर को 207 रन पहुंचाकर होबार्ट को 6 विकेट से जीत दिलाई।

# खराब शुरुआत के बावजूद रूट और ब्रूक की अर्धशतकीय पारी से संभाली इंग्लैंड की टीम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सिडनी क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर हो रहे एशेज 2025-26 के पांचवें टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड ने खराब शुरुआत के बावजूद मैंच पर मजबूत पकड़ बना ली। जो रूट और हैरी ब्रूक की अर्धशतकीय पारियों ने टीम को संभाल लिया है। बारिश और खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त करना पड़ा और केवल 45 ओवर ही फेंके जा सके। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। ऑस्ट्रेलिया ने बल्लेबाजी मजबूत करने के लिए झाय रिचर्डसन की जगह ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को शामिल किया। वहीं, स्पिनर टॉड मर्फी को अंतिम एकादश में जगह नहीं मिली। कप्तान स्टीव स्मिथ ने कहा कि पिच से स्पिनरों को मदद नहीं मिलने की वजह से यह फैसला लिया। दूसरी ओर, इंग्लैंड को मजबूरन एक बदलाव करना पड़ा और चोटिल गस एटकिंसन की जगह मैथ्यू पॉट्स को टीम में शामिल करना पड़ा। इंग्लैंड की शुरुआत फिर निराशाजनक रही। बेन डकेट ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी कर मिचेल स्टार्क के एक ओवर में लगातार दो चौके लगाए, लेकिन 24 गेंदों में 27 रन बना विकेट के पीछे कैच दे बैठे। इसके बाद माइकल नेसर ने जैक क्रॉली को 29 गेंदों में 16 रन पर एलबीडब्ल्यू किया। अगले ही ओवर में स्कॉट बोलैंड ने जैकब बेथेल को 23 गेंदों में 10 रन पर आउट कर दिया। इंग्लैंड ने 13 ओवर में 57 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गंवा दिए।



इसके बाद जो रूट और हैरी ब्रूक ने नई गेंद को संभालते हुए पारी को स्थिर किया। लंच तक इंग्लैंड का स्कोर 114/3 था। कैमरन ग्रीन पहले सत्र में प्रभावी साबित नहीं हुए। 34वें ओवर में दोनों बल्लेबाजों ने अपने-अपने अर्धशतक पूरे किए–रूट ने 65 गेंदों में और ब्रूक ने 63 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की। ग्रीन के एक ओवर में ब्रूक ने टेस्ट का पहला छक्का भी लगाया। 45 ओवर के बाद अंपायरों ने लाइट मीटर निकाला और खराब रोशनी के चलते खिलाड़ियों को मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद बारिश के कारण खेल दोबारा शुरू नहीं हो सका। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड का स्कोर 211/3 था। जो रूट 103 गेंदों में 72 रन (8 चौके) और हैरी ब्रूक 92 गेंदों में 78 रन (6 चौके, 1 छक्का) बनाकर नाबाद लौटे।

# तेज गेंदबाज मयंक यादव ने शुरु की गेंदबाजी, लखनऊ सुपर जायंट्स को मिली राहत

नई दिल्ली ।लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज मयंक यादव अब तेजी से फिटनेस हासिल कर रहे हैं।मयंक पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फैक्चर के कारण तकरीबन एक साल से मैदान से बाहर थे।अब उन्होंने अभ्यास शुरु कर दिया है।23 साल के मयंक ने पहले ही सत्र में अपनी तेज रफ्तार से सबका ध्यान खींचा था। मयंक इसके बाद पीठ की चोट के कारण 2025 सत्र में केवल दो ही मुकाबले खेल पाये थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने उनके पूरी तरह से फिट नहीं होने के बाद भी इस गेंदबाज को रिटेन किया है। वहीं एक बोर्ड अधिकारी ने कहा, मयंक अपने रिहैबिलिटेशन में अच्छी प्रगति कर रहे हैं और उन्होंने तेजी से गेंदबाजी करना शुरू कर दिया है। इस अधिकारी ने साथ ही कहा, उन्होंने स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग में भी काफी बेहतर किया है, जिससे वह तेज गेंदबाजी के लिए पूरी फिटनेस हासिल करने के करीब है।उम्मीद है कि आने वाले समय में वह 100 फीसदी तेजी से गेंदबाजी कर पायेंगे।



# अभी रोहित और विराट को खेलते हुए देखना चाहते हैं इरफान पठान



नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने कहा है कि वह रोहित शर्मा और विराट कोहली को अभी खेलते हुए देखना चाहते हैं। वहीं पठान ने रोहित और कोहली के पुरुष विश्व कप 2027 में खेलने की संभावनाओं को लेकर कहा, आप निश्चित रूप से 2027 एकदिवसीय विश्वकप कप के बारे में उनको खेलते देखना चाहेंगे हालांकि अभी इसमें काफी समय है । इसलिए अभी से कुछ नहीं कहा जा सकता है पर जहां तक मेरी बात है मैं बस रोहित और कोहली दोनों को लंबे समय तक भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट खेलते हुए देखना चाहता हूं।साथ ही कहा कि अभी ये दोनो ही केवल एक प्रारुप में खेल रहे हैं।इसलिए वे जितना ज़्यादा खेलेंगे, उतना ही उनके लिए अच्छा रहेगा। वहीं पठान ने एकदिवसीय टीम के नये कप्तान शुभमन गिल की भी प्रशंसा करते हुए कहा, जब मुझे पहली बार 19 साल की उम्र में चुना गया था, तो द्रविड़ ने कहा था, इरफान, यह अच्छी बात है कि तुम इस लेवल तक पहुंच गए हो, लेकिन अब चीजें और कठिन होंगी।जब मैंने उनसे पूछा कि अगर चीजें मुश्किल हो जाएं तो मुझे क्या करना चाहिए? उन्होंने जवाब दिया, तुम्हें इसे संभालना आ जाएगा और ऐसा ही कुछ शुभमन गिल के साथ भी होगा।इंग्लैंड दौरे पर शुभमन के साथ एक अच्छी बात यह हुई कि उनका टेस्ट एवरेज बेहतर हुआ और टीम पर उनका दबदबा भी बढ़ा।अब वनडे में भी उन पर जिम्मेदारी है और यह उनके लिए आगे बढ़ने का एक बड़ा मौका है। वहीं शुभमन की तुलना विराट कोहली से किए जाने पर पठान ने कहा,वह बहुत प्रतिभाशाली है इसलिए तुलना होगी ही।ये वैसे ही है जैसे पहले विराट कोहली की सचिन तेंदुलकर से तुलना की जाती थी।इसलिए इसमें कुछ अलग नहीं है पर शुभमन को लगातार रन बनाकर विराट से तुलना को सही साबित करना होगा।

# टी20 में बेहतर संतुलन के लिए गेंदबाजों को पांच ओवर दें : टॉफेल

**सिडनी (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंपायर साइमन टॉफेल ने कहा है कि टी20 क्रिकेट में गेंदबाजों को चार ओवर की जगह पर पांच ओवर गेंदबाजी करने की अनुमति दी जानी चाहिए। टॉफेल के अनुसार इससे गेंद और बल्ले के बीच बेहतर संतुलन रहेगा। आजकल अधिकतर मैचों में बल्लेबाज हावी रहते हैं जिससे काफी बड़े स्कोर बन रहे हैं। वर्तमान में एक गेंदबाज टी20 प्रारुप में केवल चार ओवर ही कर सकता है पर टॉफेल का मानना है कि अगर गेंदबाज को पांच ओवर दिये जायं तो खेल की रणनीति बदल जाएगी।

इस अंपायर ने कहा , 'मैंने कुछ अलग-अलग लीग को कुछ अपनी ओर से कई सुझाव दिए हैं, जिन पर अभी तक



किसी ने ध्यान नहीं दिया है। मैं सीमित ओवरों के क्रिकेट को रोमांचक बनाने के पक्ष में हूं इसलिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी में एक समान हालात चाहता हूं। उन्होंने कहा, 'मैं चाहता हूं कि टी20 क्रिकेट में एक गेंदबाज पांचवां ओवर भी फेंके। अगर कोई बल्लेबाज पहली गेंद से लेकर अंत गेंद तक पूरी पारी में क्रीज पर रह सकता है तो फिर हम सभी गेंदबाजों को चार ओवर तक ही क्यों सीमित किया जार रहा है।

टॉफेल ने कहा, 'क्या हम किसी एक गेंदबाज को एक अतिरिक्त ओवर दे सकते हैं जिससे बल्लेबाजी और गेंदबाजी के बीच बराबरी हो सकेगी। मैं केवल मैच में संतुलन चाहता हूं। उन्होंने कहा कि वह हाल ही में शामिल किये गये इम्पैक्ट प्लेयर नियम और रणनीतिक टाइमआउट को सही नहीं मानते हैं। उन्होंने कहा, 'सभी बदलाव अच्छे नहीं होते। हम केवल बाजार के अनुसार चीजे नहीं बदल सकते। हमें खेल को देखते हुए सावधानी बरतनी होगी। आईपीएल में इम्पैक्ट प्लेयर होता है। वहीं आईएलटी20 में सुपर सब होता है।

# छेत्री सहित भारतीय फुटबॉलरों ने फीफा से की अपील, आईसीएल निलंबित होने से परेशानी में हैं खिलाड़ी



कोलकाता ।भारतीय फुटबॉल टीम के स्टार खिलाड़ी सुनील छेत्री ने कहा है कि आज देश का फुटबॉल जगत बेहद कठिन दौर से गुजर रहा है। छेत्री के अनुसार इंडियन सुपर लीग (आईसीएल) को निलंबित किये जाने के बाद से ही खेल मुश्किल में है।ऐसे में भारतीय फुटबॉल को बचाने के लिए विश्व फुटबॉल महासंघ (फीफा) को कदम उठाने चाहिये।आईएसएल के निलंबन के बाद से ही नये सत्र की शुरुआत नहीं हो पायी है। इससे खिलाड़ी आर्थिक संकटों से भी जूझ रहे हैं।खिलाड़ियों के साथ ही क्लब भी संश में हैं।खिलाड़ियों को वेतन तक नहीं मिल पा रहा है। इससे खिलाड़ियों का करियर भी संकट में है। छेत्री के साथ ही गुरप्रीत सिंह संधू, संदेश झिंगन सहित कई अन्य खिलाड़ियों ने भी कहा कि आईएसएल को शीघ्र बहाल किया जाना चाहिये।खिलाड़ियों ने कहा कि भारतीय फुटबॉल इस समय ऐसे ठहराव में फंसा है, जहां आगे की राह नहीं दिख रही है।वहीं संधू ने कहा कि साल की शुरुआत में खिलाड़ियों को आईएसएल खेनना चाहिये था पर वह अभी तक संशय में हैं। इस मामले में खिलाड़ियों ने विश्व फुटबॉल की शीर्ष संस्था फीफा से सीधे हस्तक्षेप की अपील की है।।छेत्री ने कहा कि खिलाड़ी, सपोर्ट स्टाफ, क्लब मालिक और प्रशंसक सभी स्पष्टता, सुरक्षा और सबसे अहम एक सुरक्षित भविष्य के अधिकारी हैं।गौरतलब है कि ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) और फुटबॉल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड (एफएसडीएल) के बीच मास्टर राइट्स एग्रीमेंट के नवीनीकरण को लेकर समझौता 8 दिसंबर को समाप्त हो गया था, जिसके बाद जुलाई से ही 2025–26 सीजन को रोक दिया गया।

# अभी संन्यास लेने का इरादा नहीं : स्मिथ



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने कहा है कि अभी वह खेल का आनंद ले रहे हैं और उनका निकट भविष्य में संन्यास का कोई इरादा नहीं है। स्मिथ ने अबत एशेज सीरी में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। नियमित कप्तान पीट कमिंस के बाहर होने से वह कप्तानी की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। स्मिथ के अनुसा अभी वह फिट हैं और लंबे समय तक टीम के लिए खेल सकते हैं। वहीं स्मिथ से जब उनके एशेज 2027 में खेलने को लेकर सवाल पूछा गया। तो उन्होंने कहा, मैंने कुछ समय से कहा है, मैं इसे सीरीज-दर-सीरीज देख रहा हूं, और हम देखेंगे कि चीजें कहां पहुंचती हैं। मुझे लगता है कि मैं अभी ठीक कर रहा हूं, मैं खेल का आनंद ले रहा हूं, मैं अपना योगदान दे रहा हूं, और इसमें मुझे अच्छा लग रहा हूं। इसलिए अभी संन्यास को लेकर कोई तारीख तय नहीं की जा सकती है।

उन्होंने कहा, हाल के कुछ साल में ऑस्ट्रेलियाई टीम के अच्छे प्रदर्शन से खेल और बेहतर हुआ है। मैच अब ड्रॉ नहीं हो रहे बल्कि परिणाम आ रहे है। ये अच्छे संकेत हैं। हमारे पास एक अच्छी टीम है। हम लगातार दो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं। ऐसा कभी नहीं हुआ कि केवल एक या दो खिलाड़ी ही खेले रहे हों। टीम के सभी खिलाड़ी अपनी ओर से योगदान दे रहे हैं। इसी वजह से हम एक अच्छी टीम बने हैं। इस टीम का हिस्सा बआ रहना सबसे अच्छा रहा है। अब एक बड़े खिलाड़ी के तौर पर, मैं आने वाले कुछ खिलाड़ियों की सहायता कर सकूंगा और उन्हें टेस्ट क्रिकेट का खेल सिखाने में सहायता कर सकूंगा।स्मिथ ने संन्यास की घोष्णा करने वाले उस्मान ख्वाजा की भी प्रशंसा की है। वहीं अपनी कप्तानी में ख्वाजा को टीम में नहीं लिए जाने पर स्मिथ ने कहा कि इससे उन्हें सबक मिला और ख्वाजा ने स्पिनरों के खिलाफ अपने खेल को पहले से बेहतर बनाया है।,

# आईपीएल से बाहर हुए मुस्तफिजुर रहमान का 400वां कमाल.... हासिल की ये बड़ी उपलब्धि

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के बीच मुस्तफिजुर रहमान को बीसीसीआई के निर्देशों के बाद आईपीएल फ्रेंचाइजी केकेआर की टीम से बाहर कर दिया गया है। आईपीएल से बाहर होने के बाद रहमान ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड बनाया है। मुस्तफिजुर रहमान ने टी20 क्रिकेट में 400 विकेट पूरे किए और बतौर तेज गेंदबाज सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले पेसर बने है। टी20 में सबसे तेज 400 विकेट लेने का रिकॉर्ड अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान के नाम है। मुस्तफिजुर टी20 इतिहास में 400 विकेट लेने वाले सिर्फ 11वें गेंदबाज बने है। वह ऐसा करने वाले शाकिब अल हसन के बाद दूसरे बांग्लादेशी भी हैं, जिन्होंने बीपीएल 2022 के दौरान 353 मैचों में यह कारनामा किया था।

30 साल के मुस्ताफिजुर ने यह रिकॉर्ड अपना 315वां टी20 मैच खेलकर बनाया। यह मुकाबला बांग्लादेश प्रीमियर लीग (बीपीएल) में सिलहट टाइटंस के खिलाफ बना। रंगपुर राइडर्स की ओर से खेलकर मुस्ताफिजुर ने 4 ओवर में 24 रन देकर 3 विकेट लिए और अपनी टीम को 6 विकेट से जीत दिलाई। उन्होंने मेहदी हसन मिराज का विकेट लेकर 400 विकेट पूरे किए, इसके बाद अफिफ हुसैन ध्रुबो और खालिद अहमद को भी आउट किया। अब मुस्ताफिजुर के नाम 315 टी20 मैचों में 402 विकेट हैं। उनका इकॉनमी रेट 7.43 का है। उन्होंने टी20 में 6 बार चार विकेट और 4 बार पांच विकेट लेने का कारनामा किया है।

मुस्तफिजुर ने पाकिस्तान के वहाब रियाज का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 335 मैच में 400 विकेट लेने का कमाल किया था। यह बांग्लादेशी पेसर अब कुल मिलाकर 400 टी20 विकेट लेने वाले दूसरे सबसे तेज गेंदबाज बन गया है। उन्होंने साउथ अफ्रीका के लेग-स्पिनर इमरान ताहिर को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने यह मुकाम हासिल करने के लिए 320 मैच लिए थे। अफगानिस्तान के स्पिन स्टार राशिद खान कुल मिलाकर 400 टी20 विकेट लेने वाले सबसे तेज गेंदबाज बने हुए हैं, उन्होंने यह कारनामा सिर्फ 289 मैचों में किया।




# शमी के चयन नहीं होने पर नाराज कोच ने गुस्सा जताकर कहा... और कितने विकेट लेने होंगे?

नई दिल्ली ।भारत की आगामी तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए घोषित 15 सदस्यीय टीम से अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को नहीं शामिल किया गया है।इस फैसले ने सभी को चौंका दिया है, खासकर इसलिए क्योंकि शमी घरेलू क्रिकेट में शानदार फार्म में हैं। चयनकर्ताओं ने तेज गेंदबाजी में मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा और प्रसिद्ध कृष्णा पर भरोसा दिखाया है। शमी के बचपन के कोच बदरुद्दीन सिद्दीकी ने चयन समिति के फैसले पर खुलकर नाराजगी जाहिर कर दी है। उन्होंने मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर पर सवाल उठाकर कहा कि शमी को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।बदरुद्दीन ने कहा, एक खिलाड़ी और क्या कर सकता है? शमी को और कितने विकेट लेने होंगे? शमी का मौजूदा घरेलू सीजन उनके चयन का मजबूत दावा पेश करता है।विजय हजारे ट्रॉफी में उन्होंने पांच मैचों में 11 विकेट झटके हैं।हाल ही में असम के खिलाफ बंगाल की ओर से खेलकर शमी ने 3 विकेट देकर 55 रन खर्च किए और टीम को विपक्षी को 217 रन पर ढेर करने में मदद की। हालांकि, कोच बदरुद्दीन को आशंका है कि चयन समिति अब 35 वर्षीय शमी से आगे बढ़ने का मन बना चुकी है।उनका मानना है कि भविष्य की योजनाओं के तहत युवा गेंदबाजों को मौका दिया जा रहा है।

# बीते एक हफ्ते में सोना 760 रुपए महंगा, चांदी में भी तेजी

**- दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,970, मुंबई में 1,35,820 रुपए प्रति 10 ग्राम**

**नई दिल्ली ।** देश में सोने की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते एक सप्ताह में 24 कैरेट सोना 750 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा हुआ है, जबकि 22 कैरेट सोने में 760 रुपये की तेजी दर्ज की गई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना 4,392.94 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड कर रहा है। वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता और सुरक्षित निवेश की बढ़ती मांग से सोने को मजबूती मिल रही है। रे विवार को दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,35,970 रुपये प्रति 10 ग्राम पर है, जबकि मुंबई में यह 1,35,820 रुपये और चेन्नई में 1,37,460 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। 22 कैरेट सोना अधिकतर शहरों में 1,24,500-1,24,650 रुपये के बीच कारोबार कर रहा है। 18 कैरेट सोना 1,01,800 - 1,05,000 रुपये के दायरे में स्थिर है। दिल्ली में पिछले 10 दिनों में 24 कैरेट सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव देखा गया। दिसंबर के अंत में कीमतें गिरावट के बाद जनवरी में स्थिर रहीं। 22



कैरेट सोना भी इसी रुझान को फॉलो कर रहा है। वहीं चांदी की कीमतों में भी मजबूत उछाल दर्ज हुआ है। पिछले सप्ताह चांदी 3,100 रुपये प्रति किलो महंगी हुई और 2,41,000 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई। साल 2025 में चांदी ने करीब 163.5 प्रतिशत की भारी बढ़ोतरी दिखाई। विशेषज्ञों का मानना है कि चीन के नए निर्यात नियंत्रण से वैश्विक आपूर्ति प्रभावित हो सकती है, जिससे भविष्य में चांदी की कीमतों में और तेजी आ सकती है।

# लग्जरी ईवी की बिक्री में जीएसटी 2.0 के बाद गिरावट

**- अक्टूबर और नवंबर 2025 में लग्जरी खंड में ईवी की बिक्री 2-3 प्रतिशत घटी**

**नई दिल्ली ।**

जीएसटी 2.0 दरों के लागू होने के बाद लग्जरी इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की बिक्री में लगभग 2-3 प्रतिशत की गिरावट आई है। उद्योग विशेषज्ञों के अनुसार अब शुरुआती लग्जरी खंड में आईसीई (इंटरनल कंबशन इंजन) गाड़ियां स्वामित्व की कुल लागत (टीसीओ) के लिहाज से बेहतर विकल्प बन गई हैं। इस बदलाव के कारण ईवी और आईसीई के बीच कीमत का अंतर बढ़ गया है, जिससे ग्राहक अब आईसीई मॉडल की ओर अधिक आकर्षित हो रहे हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने बताया कि अक्टूबर और नवंबर 2025 में लग्जरी खंड में ईवी की बिक्री में 2-3 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। उन्होंने कहा कि यह बदलाव विशेष रूप से शुरुआती लग्जरी ईवी खंड में अधिक स्पष्ट है, जबकि अत्यधिक लग्जरी ईवी मॉडल अभी भी मजबूत बने हुए हैं। मर्सिडीज-बेंज इंडिया की कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी 8 प्रतिशत है, लेकिन 1.5 करोड़ रुपये से अधिक कीमत वाली गाड़ियों में यह 20 प्रतिशत तक जाती है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने कहा कि



जीएसटी 2.0 ने आईसीई पोर्टफोलियो को और अधिक आकर्षक बनाया है। उन्होंने बताया कि बीएमडब्ल्यू ने आईसीई मॉडल पर जीएसटी कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों तक पहुंचाया है, जिससे कीमत में औसतन 6.7 प्रतिशत की कमी आई।

# तेल-तिलहन बाजार में मजबूती, सोयाबीन डीगम तेल आयात घटा

**- शादी-ब्याह के मौसम और षडमास की समाप्ति के चलते धीरे-धीरे बढ़ रही है नरम तेलों की मांग**

**नई दिल्ली ।** आयातकों द्वारा सोयाबीन डीगम तेल की लागत से कम बिकवाली के कारण इस तेल का आयात घट गया। सोयाबीन डीगम नरम तेलों में सबसे सस्ता है, और इसकी कमी ने बाकी तेलों के दामों में भी मजबूती लाई। बीते सप्ताह सोयाबीन, सूरजमुखी, कपास, मूंगफली और बिनौला तेल-तिलहन के दाम बढ़े फिर भी ये अपने न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से काफी नीचे बने हुए हैं, इसलिए इसे स्थायी उछाल नहीं माना जा सकता। 14 जनवरी के आसपास षडमास समाप्ति और शादी-ब्याह के मौसम की मांग धीरे-धीरे बढ़ रही है। नरम तेलों की मांग में सुधार के साथ बिनौला तेल के दाम भी मजबूत हुए। बड़े मिल वाले सरसों तेल के दाम बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, जबकि मूंगफली तेल में जाड़े की मांग और गुणवत्ता की वजह से सुधार देखा गया। सट्टेबाजी के चलते इनके दाम ऊंचे हैं, लेकिन वास्तविक मांग कम और ठंड के मौसम में घटने की संभावना है। बीते सप्ताह सरसों दाना 25 रुपये के सुधार के साथ 6,925-6,975 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। दादरी मंडी में बिकने वाला सरसों तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 14,300 रुपये प्रति क्विंटल, सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 2,400-2,500 रुपये और 2,400-2,545 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज के थोक भाव क्रमशः 210-210 रुपये के सुधार के साथ क्रमशः 5,010-5,060 रुपये और 4,710-4,760 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। इसी प्रकार दिल्ली में सोयाबीन तेल 100 रुपये के सुधार के साथ 13,650 रुपये प्रति क्विंटल, इंदौर में सोयाबीन तेल 100 रुपये के सुधार के साथ 13,250 रुपये और सोयाबीन डीगम तेल का दाम 125 रुपये के सुधार के साथ 10,450 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। जाड़े की मांग में सुधार के बीच समीक्षाधीन सप्ताह में मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतों में भी तेजी देखने को मिली। मूंगफली तिलहन 125 रुपये के सुधार के साथ 6,575-6,950 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात 300 रुपये के सुधार के साथ 15,800 रुपये क्विंटल और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल 50 रुपये के सुधार के साथ 2,530-2,830 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

# भारत कोकिंग कोल लिमिटेड का आईपीओ 9 जनवरी से खुलेगा





**- कोल इंडिया की सब्सिडियरी कंपनी का आईपीओ पूरी तरह ओएफएस होगा**

मुंबई (ईएमएस)। नए साल 2026 की शुरुआत में शेयर बाजार में पहली मेनबोर्ड एंट्री भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) की होने जा रही है। कोल इंडिया की सब्सिडियरी और मिनी रत्न सरकारी कंपनी बीसीसीएल ने 9 जनवरी 2026 से अपना आईपीओ लाने का ऐलान किया है। कंपनी ने 2 जनवरी को रजिस्ट्रार ऑफ कंपनीज के पास रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल किया है। यह आईपीओ पूरी तरह ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) होगा, जिसमें प्रमोटर कोल इंडिया अपने 46.57 करोड़ इक्विटी शेयर बेचेगी। इस इश्यू से कंपनी को कोई नई पूंजी नहीं मिलेगी और पूरा पैसा कोल इंडिया को जाएगा। ग्रे मार्केट में कंपनी के शेयर 13 रुपए प्रीमियम पर कारोबार कर रहे हैं। कर्मचारियों के लिए 2.32 करोड़ और मौजूदा शेयरधारकों के लिए 4.65 करोड़ शेयर आरक्षित हैं। एंकर निवेशकों के लिए इश्यू 8 जनवरी को खुलेगा, जबकि रिटेल निवेशक 9 से 13 जनवरी तक आवेदन कर सकेंगे। शेयरों की लिस्टिंग 16 जनवरी को बीएसई और एनएसई पर होने की उम्मीद है। 1972 में स्थापित बीसीसीएल देश की सबसे बड़ी कोकिंग कोल उत्पादक कंपनी है। वित्त वर्ष 25 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 1,240 करोड़ रुपये रहा। मजबूत बाजार स्थिति और कोकिंग कोल की लगातार मांग इस आईपीओ को निवेशकों के लिए अहम बना सकती है।

# आरबीआई ने 2000 हजार के नोट को लेकर दिया बड़ा अपडेट.........

**नई दिल्ली ।**

1 जनवरी 2026 से देश में कई तरह के पैसे से जुड़े बदलाव लागू हुए हैं और इसी बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2000 के नोटों को लेकर अहम जानकारी दी है। आरबीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 2000 के ज्यादातर नोट सिस्टम में वापस लौट चुके हैं, लेकिन अब भी थोड़ी संख्या में ये नोट लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआई ने 19 मई 2023 को जब 2000 के नोट वापस लेने का ऐलान किया था, तब इनकी कुल वैल्यू 3.56 लाख करोड़ रुपये थी। अब 31 दिसंबर 2025 तक यह घटकर सिर्फ 5,669 करोड़ रुपये रह गई है। यानी करीब 98 फीसदी से ज्यादा नोट वापस आ चुके हैं। इसका मतलब साफ है कि बहुत कम संख्या में 2000 के नोट अब भी सर्कुलेशन में हैं या फिर लोगों के पास रखे हुए हैं। इसके बाद लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या अब 2000 का नोट अवैध हो गया है? इसका जवाब है नहीं। आरबीआई ने साफ किया है कि 2000 का नोट अब भी लीगल टेंडर है। यानी अगर किसी व्यक्ति के पास अभी भी 2000 का नोट है, तब यह कोई अपराध नहीं है। हालांकि, आरबीआई की सलाह यही है कि इसतरह नोटों



को जल्द से जल्द वापस कर दिया जाए या बैंक खाते में जमा करा दिया जाए। अब सवाल यह उठता है कि 2000 के नोट बदले या जमा कैसे करें, क्योंकि बैंक ब्रांच में यह सुविधा पहले ही बंद हो चुकी है। बता दें कि देशभर के सभी बैंकों में 2000 के नोट जमा या एक्सचेंज करने की सुविधा 7 अक्टूबर 2023 को खत्म हो गई थी। अब लोग सीधे आरबीआई के इश्यू ऑफिस में जाकर 2000 के नोट अपने बैंक खाते में जमा कर सकते हैं या फिर वहीं जाकर नोट एक्सचेंज भी करा सकते हैं।

# एलन मस्क की एक्स अवैध सामग्री के खिलाफ कड़ा रुख अपनाएगी

**नई दिल्ली ।**

एलन मस्क के स्वामित्व वाली सोशल मीडिया साइट 'एक्स' ने कहा है कि वह अवैध सामग्री को तुरंत हटाएगी और ऐसे खातों को स्थायी रूप से निलंबित करेगी। यह नीति बाल यौन शोषण सहित किसी भी गैरकानूनी सामग्री पर लागू होगी। एक्स ने बताया कि वह जरूरत पड़ने पर स्थानीय सरकारों और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेगी। कंपनी का कहना है कि प्लेटफ़ॉर्म स्थानीय कानूनों का पालन सुनिश्चित करेगा। एक्स की एआई सेवा 'ग्रोक' का इस्तेमाल अवैध सामग्री बनाने के लिए करने वाले किसी भी व्यक्ति के साथ भी समान कार्रवाई की जाएगी। एलन मस्क ने स्पष्ट किया कि इस तरह के उपयोगकर्ता वही परिणाम भुगतेंगे, जैसा कि सीधे अवैध सामग्री अपलोड करने वालों को होता है। भारत सरकार ने पाया है कि एक्स पर अश्लील, अभद्र और अन्य गैरकानूनी सामग्री अपलोड की जा रही है, जो स्थानीय कानूनों का उल्लंघन है। एक्स की यह नीति प्लेटफ़ॉर्म को अधिक सुरक्षित बनाने और अवैध गतिविधियों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।




# एफपीआई ने जनवरी के दो दिनों में भारतीय बाजार से निकाले 7,608 करोड़

**नई दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने 2026 की शुरुआत में सतर्क रुख अपनाया है। जनवरी के पहले दो कारोबारी सत्रों में उन्होंने भारतीय इक्विटी से 7,608 करोड़ रुपये निकाले। यह पिछले साल के रुझान का ही हिस्सा है, जब 2025 में कुल 1.66 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली हुई थी। विशेषज्ञों के अनुसार, विदेशी निवेशकों का यह रुख कई वैश्विक और घरेलू कारकों से प्रभावित है। इसमें अस्थिर मुद्रा, वैश्विक व्यापार तनाव, अमेरिकी शुल्क संबंधी चिंताएं और भारतीय बाजार का बढ़ा हुआ मूल्यांकन मुख्य कारण हैं। इन सबके चलते एफपीआई ने जोखिम कम करने की रणनीति अपनाई है। एफपीआई की लगातार बिकवाली ने रुपये की डॉलर के मुकाबले गिरावट में भी योगदान दिया। 2025 के दौरान यह बिकवाली रुपये को लगभग 5 फीसदी कमजोर करने में सहायक रही। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि 2026 में विदेशी निवेशकों का रुख बदल सकता है। बेहतर घरेलू बुनियादी कारक निवेशकों को आकर्षित कर सकते हैं। मजबूत जीडीपी वृद्धि और कॉर्पोरेट मुनाफे में सुधार आने वाले महीनों में सकारात्मक एफपीआई प्रवाह के संकेत दे सकते हैं।

# नेपाल में पेट्रोल 4 और डीजल 5 रुपए सस्ता

**नई दिल्ली ।** नेपाल ऑयल कॉर्पोरेशन ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की घोषणा की है। पेट्रोल 4 रुपए कम होकर 159 रुपए प्रति लीटर और डीजल 5 घटकर 137 रुपए प्रति लीटर हो गया। नई कीमतें 1 जनवरी 2026 से लागू होंगी। नेपाल में ईंधन की बिक्री तीन कैटेगरी में विभाजित है। पहली कैटेगरी में चारली, बिराटनगर, जनकपुर और बीरगंज; दूसरी में सुर्खेत और दांग; तीसरी में काठमांडू, पोखरा और दीपायल शामिल हैं। हर क्षेत्र में कीमतें थोड़ी भिन्न हो सकती हैं।

# सेंसेक्स की शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.23 लाख करोड़ बढ़ा

**- रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे अधिक लाभ दर्ज किया, टीसीएस, इंफो सिस एवं बजाज फाइनेंस को हुआ नुकसान**



**मुंबई ।** पिछले सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में सकारात्मक रुझान देखा गया। निवेशकों के उत्साह के साथ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में तेजी दर्ज की गई, जिससे बाजार का कुल मूल्यांकन भी बढ़ा। शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और हिंदुस्तान यूनिलीवर ने लाभ में रहने का रिकॉर्ड बनाया। इन कंपनियों के संयुक्त बाजार पूंजीकरण में 1,23,724.19 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे अधिक लाभ दर्ज किया। इसका बाजार मूल्यांकन 45,266.12 करोड़ रुपये बढ़कर 21,54,978.60 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। वहीं भारतीय स्टेट बैंक ने 30,414.89 करोड़ रुपये जोड़कर अपना मूल्यांकन 9,22,461.77 करोड़ रुपये कर लिया। इस प्रदर्शन के साथ रिलायंस इंडस्ट्रीज ने सबसे मूल्यवान कंपनी का खिताब बरकरार रखा। टॉप 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज का बाजार मूल्यांकन 10,745.72 करोड़ रुपये घटकर 11,75,914.62 करोड़ रुपये रह गया। इसके अलावा इंफोसिस का मूल्यांकन 6,183.25 करोड़ रुपये कम हुआ, जबकि बजाज फाइनेंस में भी गिरावट दर्ज की गई।

# इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल तय करेंगे आर्थिक आंकड़े और वैश्विक रुझान

**– रुपए की चाल और ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों पर भी निवेशकों की निगाह रहेगी**

**मुंबई ।**

इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा घरेलू और वैश्विक आर्थिक आंकड़ों, विदेशी निवेशक गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही नतीजों से तय होगी। पिछले सप्ताह घरेलू संस्थागत निवेशकों की लगातार खरीदारी के कारण बाजार में तेजी रही। बीएसई सेंसेक्स 720.56 अंक बढ़कर बंद हुआ, जबकि एनएसई निफ्टी 286.25 अंक ऊपर गया। निफ्टी ने 26,340 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर भी छुआ। विशेषज्ञों के अनुसार निवेशक इस सप्ताह भारत में आने वाले एचएसबीसी सर्विसेज पीएमआई और संयुक्त पीएमआई के अंतिम आंकड़ों पर ध्यान देंगे। ये आंकड़े व्यापारिक गतिविधियों, रोजगार और आर्थिक गति के रुझानों को दर्शाएंगे। साथ ही, कंपनियों के तिमाही नतीजों के शुरुआती दौर में निवेशक प्रमुख कंपनियों में चुनिंदा पोजीशन बना सकते हैं। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और चीन के प्रमुख आर्थिक आंकड़े निवेशकों के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। विशेषकर अमेरिकी गैर-कृषि




पेरोल और बेरोजगारी के आंकड़े बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल और ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। बाजार के जानकारों का कहना है कि बाजार की भावना रचनात्मक रहने की उम्मीद है, लेकिन यह स्थिर दायरे में रह सकता है। निवेशक वैश्विक और घरेलू आंकड़ों के आधार पर अपनी रणनीति बनाएंगे। इस सप्ताह बाजार की चाल आर्थिक संकेतकों, तिमाही नतीजों और वैश्विक रुझानों से प्रभावित होगी। निवेशक सतर्क रहेंगे और बाजार में रचनात्मक लेकिन स्थिर गतिविधियों की संभावना रहेगी।

# ओएनजीसी गुजरात के खाली हो चुके कुओं में सीओ2 भंडारण करेगी

**- पायलट परियोजना में दो छोड़े गए तटवर्ती कुएं का उपयोग किया जाएगा**




**नई दिल्ली ।** तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) ने गुजरात के गांधार तेल क्षेत्र में अपने पहले पूर्ण स्तर के कार्बन संग्रहण और भंडारण (सीसीएस) पायलट की योजना की घोषणा की है। इस परियोजना के तहत कंपनी खाली हो चुके तेल कुओं में कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) को जमा करेगी, जिससे वायुमंडल में ग्रीनहाउस गैस के उत्सर्जन को कम किया जा सके। अधिकारियों ने बताया कि पायलट परियोजना में दो छोड़े गए तटवर्ती कुएं का उपयोग किया जाएगा। इन कुओं में प्रतिदिन लगभग 100 टन सीओ2 उप-सतही हाइड्रोकार्बन जलाशयों में जमा की जाएगी। सीओ2 का स्रोत मुख्य रूप से दहेज क्षेत्र के नजदीकी औद्योगिक प्रतिष्ठान और ओएनजीसी का हजीरा संयंत्र होगा। सीओ2 को जमीन के नीचे जमा किया जाएगा ताकि यह वातावरण में न जाए। इससे पहले ओएनजीसी ने इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की कोयली रिफाइनरी से सीओ2 प्राप्त किया था, जो गांधार कुओं तक लगभग 80 किलोमीटर दूर से लाया गया। इस परियोजना का एक प्रमुख उद्देश्य सीओ2 का तेल उत्पादन बढ़ाने के लिए उपयोग करना भी है। इससे हानिकारक ग्रीनहाउस गैस को एक उपयोगी संसाधन में बदला जा सकेगा।

# अगले 10 सालों में भारत सबसे बेहतर ग्रोथ प्रोफाइल वाले देश.........ऐसा क्यों कहा आर्थिक जानकार ने

**नई दिल्ली ।**

भारतीय शेयर बाजारों के लिए 2025 का साल उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। ऐसा देश की मैक्रो इकोनॉमिक स्थिति मजबूत रहने के बाद भी हुआ। यह कहना आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर एस नरेन का है। नरेन ने 2025 को भारतीय शेयर बाजारों के लिए हाइबरनेशन यानी सुस्ती का साल बताया है। उनके मुताबिक, कम फिस्कल डेफिसिट, कम करंट अकाउंट डेफिसिट, कंट्रोल में महंगाई और मजबूत आर्थिक विकास के बावजूद भारतीय शेयर बाजार दुनिया के मार्केट्स से पीछे रह गया।

लेकिन 2026 को लेकर नरेन का आउटलुक पूरी तरह अलग है। उन्होंने साफ कहा है कि नया साल भारतीय बाजारों के लिए टर्नअराउंड का साल साबित हो सकता है। उनके मुताबिक 2026 में भारत के शेयर बाजार ज्यादातर ग्लोबल मार्केट्स से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। इतना ही नहीं नरेन भारत की ग्रोथ स्टोरी को लेकर काफी सकारात्मक दिखे और कहा कि अगले 10 सालों में भारत दुनिया की सबसे बेहतर ग्रोथ प्रोफाइल वाले देशों में शामिल रहेगा।

डेमोग्राफिक स्ट्रक्चर को भारत की बड़ी ताकत बताकर नरेन ने कहा कि लॉन्ग टर्म निवेश के लिए भारत बेहद आकर्षक बाजार है। उनका मानना है कि एसेट एलोकेशन वर्तमान में सबसे सही रणनीति है और 2025 की तुलना में 2026 में इक्विटी में थोड़ा ज्यादा रिस्क लिया जा सकता है, क्योंकि पिछले एक साल में भारतीय बाजारों ने ज्यादातर ग्लोबल मार्केट्स को अंडरपरफॉर्म किया है। हालांकि एस नरेन ने निवेशकों को सावधानी बरतने की चेतावनी भी दी है। उन्होंने कहा कि ग्लोबल लेवल पर जोखिम अभी भी ऊंचे बने हुए हैं।

नरेन के मुताबिक, गोल्ड और सिल्वर ने बीते एक साल और पांच साल में जबरदस्त रिटर्न दिया है। सिल्वर की कीमतें एक साल में दोगुनी से ज्यादा हो चुकी हैं, जबकि सोने में भी 70 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी आई है। इसके मुकाबले प्रमुख इक्विटी इंडेक्स का रिटर्न करीब 10 प्रतिशत के आसपास बना हुआ है। इस वजह से वे निवेशकों को प्रेशियस मेटल्स में एक्सपोजर को मॉडरेट रखने की सलाह दे रहे हैं। कुल मिलाकर नरेन का संदेश साफ है कि 2026 में भारत की इक्विटी स्टोरी मजबूत दिख रही है, लेकिन निवेश का रास्ता संतुलित और सोच समझकर तय करना जरूरी है।

# भारत का कोयला आयात नवंबर में 28 फीसदी बढ़ा

**- अप्रैल-नवंबर 2025 में भारत का कुल कोयला आयात 18.61 करोड़ टन रहा**



**नई दिल्ली ।** नवंबर 2025 में भारत का कोयला आयात 2.5 करोड़ टन पर पहुंच गया, जो नवंबर 2024 में 1.95 करोड़ टन था। यह आंकड़ा 28.1 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। इस वृद्धि की जानकारी इस्पात कंपनी सेल और टाटा स्टील के संयुक्त उद्यम एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड ने साझा की, जो एक बी2बी ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म है। एमजंक्शन के एक अे धिकारी ने बताया कि नवंबर में आयात में वृद्धि का मुख्य कारण इस्पात मिलों द्वारा सर्दियों के भंडार को फिर से तैयार करना था। इसके अलावा, समुद्र मार्ग से आने वाले कोयले की कीमतें कमजोर रहने के कारण कुछ खरीदारों ने नई पोजीशन ली। चालू वित्त वर्ष (अप्रैल-नवंबर 2025) में भारत का कुल कोयला आयात 18.61 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि (18.20 करोड़ टन) की तुलना में थोड़ा अधिक है। उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में घरेलू कोयला उत्पादन बढ़ने की संभावना है। इसके चलते आयात में गिरावट की उम्मीद है, क्योंकि घरेलू स्रोतों से आवश्यक आपूर्ति पूरी हो सकेगी।



## सिमर भाटिया पर ट्विंकल खन्ना ने लुटाया प्यार 'इक्कीस' के कारण चर्चा में हैं



अक्षय कुमार की बहन की बेटी सिमर भाटिया भी अब फिल्मों में कदम रख चुकी हैं। उनका फिल्म 'इक्कीस' से उन्होंने डेब्यू किया है। फिल्म में उन्होंने अगस्त्य नंदा के किरदार अरुण खेत्रपाल की प्रेमिका का रोल किया है। इस किरदार में सिमर को पसंद किया जा रहा है। सिमर ने भी फिल्म से जुड़ी कुछ बीटीएस फोटो शेयर की हैं। इन तस्वीरों पर अक्षय कुमार की पत्नी और एक्ट्रेस ट्विंकल ने भी प्यार लुटाया है। जानिए, उन्होंने सिमर के बारे में क्या लिखा।

### सिमर ने पोस्ट में फिल्म से जुड़ी यादें साझा कीं

सिमर भाटिया ने गुरुवार को एक पोस्ट की, जिसमें साल 2025 की यादों का जिक्र किया। फिल्म 'इक्कीस' से जुड़ी तस्वीरें और यादों का जिक्र किया। इन तस्वीरों पर ही ट्विंकल खन्ना ने रिएक्शन दिया है। ट्विंकल खन्ना अक्षय की भतीजी सिमर के बहुत करीब है।

### ट्विंकल खन्ना ने सिमर को किया चियर

ट्विंकल खन्ना ने अपनी पोस्ट में लिखा, 'मेरी सिमू बेस्ट है।' आगे उन्होंने हार्ट इमोजी बनाया है। ट्विंकल खन्ना के फैमिली फंक्शन में अक्सर सिमर को देखा जाता है। इन मौकों पर उनकी और ट्विंकल की बॉन्डिंग साफ नजर आती है। अक्षय कुमार भी अपनी भतीजी को सपोर्ट करने फिल्म 'इक्कीस' की स्क्रीनिंग पर कुछ दिन पहले पहुंचे थे।

### क्या है फिल्म 'इक्कीस' की कहानी

फिल्म 'इक्कीस' की कहानी एक यंग आर्मी ऑफिसर अरुण खेतरपाल की है। महज 21 साल की उम्र में देश के लिए इस सैन्य अधिकारी ने बलिदान दिया था। फिल्म में अभिनेता धर्मेंद्र ने आर्मी ऑफिसर के पिता का किरदार निभाया। यह दिवंगत अभिनेता धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है।



## म्यूजिकल प्रोजेक्ट में सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आएंगी अलीजेह अग्निहोत्री

साल 2014 में रिलीज हुई फ्रेंच फिल्म ला फैमिली बेलियर का हिंदी रीमेक बनने वाला है। खबर है कि निर्माताओं ने इस म्यूजिकल फिल्म के लिए सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री को कास्ट किया है। फिल्म का निर्देशन विकास बहल करने वाले हैं। इसकी शूटिंग जून से अगस्त के बीच शुरू हो सकती है।

### क्या है ला फैमिली बेलियर की कहानी?

ला फैमिली बेलियर एक कॉमेडी फिल्म है जिसके निर्देशक एरिक लार्टिगाउ हैं। इसकी कहानी 16 साल की एक लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है। लड़की अपने मूक-बधिर माता-पिता की देखभाल करती है। उसकी जिंदगी तब बदल जाती है, जब उसके म्यूजिक टीचर को उसकी खूबसूरत गाने की आवाज का पता चलता है। लड़की को अपने सपने को पूरे करने और अपने परिवार के प्रति अपनी जिम्मेदारी के बीच चुनाव करना होता है। ला फैमिली बेलियर ने 2022 में 94वें एकेडमी अवॉर्ड्स (ऑस्कर) में बेस्ट पिक्चर का अवॉर्ड जीता था।

### ओरिजिनल फ्रेंच की रीमेक होगी फिल्म

एक सूत्र के हवाले से लिखा है सिद्धांत चतुर्वेदी और अलीजेह अग्निहोत्री की एक फिल्म है, जिसे विकास बहल डायरेक्ट करेंगे। यह बेहतरीन फिल्म होगी। यह एक फ्रेंच फिल्म ला फैमिली बेलियर का रीमेक है, जिसका रीमेक बनाया जाएगा। इस फिल्म ने ऑस्कर जीता था। यह एक म्यूजिकल फिल्म है, यह संजय लीला भंसाली की खामोशी जैसी है। हमने इसे ओरिजिनल फ्रेंच फिल्म से लिया है।


### सिद्धांत-अलीजेह का काम

सिद्धांत चतुर्वेदी को आखिरी बार 2025 की फिल्म धड़क 2 में तृप्ति डिमरी के साथ देखा गया था। सिद्धांत चतुर्वेदी जल्द ही मृणाल ठाकुर के साथ फिल्म दो दीवाने सहर में नजर आने वाले हैं। अलीजेह अग्निहोत्री ने साल 2023 में रिलीज हुई फिल्म फर्रे से एक्टिंग में डेब्यू किया था। यह उनकी आखिरी फिल्म भी है।





## अमाल मलिक को लेकर अफवाहों का मालती चाहर ने किया खंडन



बॉलीवुड और टीवी की दुनिया में अक्सर अफवाहें और कयास नए किस्सों की तरह फैलते रहते हैं। लेकिन जब ये अफवाहें किसी व्यक्ति की निजी जिंदगी से जुड़ जाती हैं, तो यह परेशान करने वाली साबित होती है। ऐसा ही कुछ बिग बॉस 19 की कंटेस्टेंट रह चुकीं मालती चाहर के साथ हुआ। उनसे और म्यूजिक कंपोजर अमाल मलिक को लेकर अफवाहें सोशल मीडिया पर काफी तेज थीं। इन अफवाहों को लेकर मालती ने बयान जारी किया और सभी कयासों का खंडन किया। मालती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, मेरे और अमाल के बीच कभी कोई रिलेशनशिप या शिप नहीं था। अमाल ने मुझसे सिर्फ मेरा नंबर लिया था और हम सिर्फ एक बार ही मिले थे। उन्होंने लिखा, इस एक मुलाकात के दौरान हमने कुछ निजी बातें साझा कीं और इसके बाद फोन पर संपर्क में रहे। इसके अलावा, हमारे बीच कोई और चीज नहीं हुई। जो कहानी मीडिया और सोशल मीडिया पर बनाई गई है, वह पूरी तरह झूठी है और अब इसे खत्म किया जाना चाहिए।

मालती ने बिग बॉस 19 हाउस के दौरान की अपनी एक बात को भी स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, शो में मैंने जो कहा था, बाहर की बातें नहीं करेंगे, तो इसका मतलब सिर्फ यह था कि हम निजी जानकारी को शो में साझा नहीं करेंगे। मालती ने कहा, शो से बाहर आने के बाद, मुझे जो बातें पता चली, वह बिल्कुल भी सही नहीं थीं। शो के दौरान अमाल ने अपने मानसिक स्वास्थ्य के बारे में कई बार बात की थी। मैंने उस समय सहानुभूति दिखाई और कोशिश की कि उन्हें किसी तरह का पछतावा न हो। मेरा इरादा सिर्फ मदद करना था, लेकिन इस मामले को किसी और तरह से देखा गया।

### शक्ति शालिनी की हुई घोषणा

## सैयारा फेम अनीत पड्डा निभाएंगी मुख्य भूमिका







अनीत पड्डा, जो 2025 की हिट फिल्म सैयारा से फेमस हुईं, अब मैडॉक फिल्म्स की आने वाली हॉरर-कॉमेडी फिल्म शक्ति शालिनी में मुख्य भूमिका निभाएंगी। पहले शक्ति शालिनी की घोषणा फिल्म थामा की थिएटर रिलीज के साथ एक खास वीडियो से की गई थी। लेकिन आज एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें शक्ति शालिनी के निर्माताओं ने इस फिल्म की एक और घोषणा अगस्त्य नंदा की फिल्म इक्किस के साथ की है। यह क्लिप का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

### थामा के बाद अब इक्कीस में भी हुई शक्ति शालिनी की घोषणा

शक्ति शालिनी की घोषणा वीडियो थामा के साथ दिखाई गई और सोशल मीडिया पर यह क्लिप बहुत वायरल हो रही है। अब एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें अनीत थिएटर में बैठी है और अपनी फिल्म शक्ति शालिनी की घोषणा देख रही हैं।

### शक्ति शालिनी के बारे में

शक्ति शालिनी मैडॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की फिल्म है। कथित तौर पर यह फिल्म 24 दिसंबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। फिल्म में हॉरर, कॉमेडी और थ्रिलर का मजेदार मिश्रण होगा, जो मैडॉक की खासियत है।

### मैडॉक्स की आने वाली फिल्में

मैडॉक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स आगे भी मजेदार फिल्में ला रहा है। अगले साल चामुंडा और भेड़िया 2 आएंगी। फिर 2027 में स्त्री 3 और 2028 में महा मुंज्या। इस यूनिवर्स में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, वरुण धवन, अक्षय कुमार और आयुष्मान खुराना जैसे बड़े स्टार्स हैं।






## फिल्म 'इक्कीस' का धुरंधर ने बिगाड़ा खेल

**साल 2026 की शुरुआत बॉलीवुड के लिए एक नई वॉर ड्रामा फिल्म इक्कीस के साथ हुई, लेकिन ओपनिंग डे के आंकड़े बस ठीक-ठाक ही रहे हैं। निर्देशक श्रीराम राघवन की इस फिल्म से काफी उम्मीदें हैं, क्योंकि यह फिल्म भारत के वीर सपूत सेकेंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की जिंदगी पर आधारित है लेकिन पहले दिन फिल्म को धुरंधर से काफी नुकसान पहुंचा है।**

### फिल्म के पहले दिन का कलेक्शन

इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र की मौजूदगी और अगस्त्य नंदा की लीड भूमिका इसे खास बना रही थी। बावजूद इसके, बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन फिल्म की रफ्तार धीमी नजर आई। सैकनिल्क के मुताबिक खबर लिखे जाने तक फिल्म ने पहले दिन 5.53 करोड़ का बिजनेस किया है, जो कि ठीक-ठाक शुरुआत ही मानी जाएगी। हो सकता है कि आने वाले दिनों में फिल्म की कमाई का ग्राफ ऊपर जाता हुआ नजर आए। बात अगर धुरंधर की करें तो अपने चौथे गुरुवार को भी फिल्म ने अब तक करीब 14 करोड़ का बिजनेस कर लिया है, जो कि अपने आप में ही बड़ा रिकॉर्ड माना जा रहा है।

### क्रिसमस के मौके पर होने थी रिलीज


दरअसल इक्कीस को पहले 25 दिसंबर, क्रिसमस के मौके पर रिलीज किया जाना था। लेकिन एस्ट्रोलॉजी के चलते फिल्म की रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई। हालांकि बहुत से लोगों ने ये भी कहा कि रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर के जबरदस्त प्रदर्शन को देखते हुए मेकर्स ने रिलीज डेट आगे बढ़ाकर 1 जनवरी कर दी। माना जा रहा था कि नए साल की छुट्टियों का फायदा फिल्म को मिलेगा, लेकिन शुरुआती रुझान इससे उलट दिखे।

### देशभर में मिले करीब 3600 शोज

सैकनिल्क के ही अनुसार, इक्कीस को देशभर में करीब 3600 शोज मिले, लेकिन इनमें से गिने-चुने शोज ही हाउसफुल हो सके। पहले दिन फिल्म की औसत हिंदी ऑक्यूपेंसी करीब 12 फीसदी के आसपास रही, जो किसी बड़े स्केल की वॉर ड्रामा फिल्म के लिए निराशाजनक मानी जा रही है। शुरुआती कलेक्शन के आंकड़े बताते हैं कि फिल्म की ओपनिंग दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचने में नाकाम रही। अगर एडवांस बुकिंग की बात करें तो रिलीज से एक दिन पहले तक टिकट बिक्री बेहद सीमित रही। कुल मिलाकर एडवांस बुकिंग से जो कमाई हुई, वह एक करोड़ रुपये के आसपास ही सिमट गई।

### फिल्म इक्कीस की कहानी

फिल्म इक्कीस की कहानी भारत के सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल के साहस और बलिदान को बड़े पर्दे पर उतारती है। अगस्त्य नंदा ने इस फिल्म में अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभाई है, जबकि धर्मेंद्र अहम किरदार में नजर आते हैं। अब सबकी नजरें वीकेंड और आने वाले दिनों की कमाई पर टिकी हैं। न्यू ईयर हॉलिडे का फायदा फिल्म को मिल पाता है या नहीं, यह आने वाला समय ही बताएगा। फिलहाल, इक्कीस के लिए बॉक्स ऑफिस की जंग आसान नजर नहीं आ रही।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in